दैनिक
# बुलन्द मंज़िल
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

PRGI NO. - UPBIL/25/A4797

उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...
बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...

वर्ष : 01 | अंक : 134 | संभल, सोमवार 27 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य: 05/-रु.



पेज :- 03- महानगर के 9 मंडलों में मन की बात , डॉ श्यामा प्रसाद...
पेज :- 04- रोटरी क्लब हापुड़ के नवनियुक्त अध्यक्ष मुस्लिम कुरैशी..

# टीएमसी की निर्ममता ने मां को रुलाया

## माटी सिंडिकेट के हवाले और बंगाल के मानुष पलायन को मजबूर: पीएम मोदी



**बनगांव।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 के दूसरे चरण के लिए सभी राजनीतिक दल प्रचार में जुटे हैं। इसी कड़ी में पीएम मोदी ने आज राज्य बनगांव में एक जनसभा को संबोधित किया है। पीएम मोदी ने इस दौरान राज्य की सत्ता धारी दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने आगे कहा, 'बंगाल का ये चुनाव अब अंतिम चरण में है, लेकिन आपने एक बात नोटिस की होगी, 15 साल पहले टीएमसी मां, माटी, मानुष की बातें करके सत्ता में आई थी, लेकिन अब इनके मुंह से मां, माटी, मानुष ये शब्द तक नहीं निकलते। आखिर क्यों? क्या कारण है? ये टीएमसी वाले अगर मां, माटी, मानुष की याद दिलाएंगे तो इनके पाप सामने आ जाएंगे। टीएमसी की निर्ममता ने मां को रुला दिया, माटी को सिंडिकेट और घुसपैठियों के हवाले कर दिया और बंगाल के मानुष को पलायन के लिए मजबूर कर दिया। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि बंगाल के पास सब कुछ है। बंगाल के लोगों के पास सामर्थ्य भरपूर है, इसलिए बंगाल फिर से देश का नंबर वन राज्य बन सकता है। हमें बस नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आह्वान को याद रखना है। नेताजी ने कहा था, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी के इस आह्वान पर देशवासियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज बंगाल को आपके एक वोट की जरूरत है। आप हमें अपना आशीर्वाद दीजिए, अपना वोट दीजिए, हम आपको टीएमसी से आजादी दिलाएंगे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, आजादी, टीएमसी के महाजंगलराज से, आजादी, टीएमसी के भय से, आजादी, टीएमसी के भ्रष्टाचार से, आजादी, बेटियों पर अत्याचार से, आजादी, बेकारी और बेरोजगारी से, आजादी, लुटती भर्ती परीक्षाओं से, आजादी, घुसपैठियों के कब्जे से, आजादी, गुंडों और मस्तानों से। प्रधानमंत्री ने इस दौरान भाजपा की योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा- भाजपा सरकार में यहां बंगाल की बहनों को अपनी बीमारी का इलाज टालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारी सरकार आपको पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देगी। जन औषधि केंद्र पर 80 प्रतिशत डिस्काउंट पर दवा दी जाएगी। ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की जांच और टीका मुफ्त लगाया जाएगा। साथ ही गर्भावस्था के दौरान 21,000 और ग्रेजुएशन के लिए बेटियों को 50,000 की मदद भाजपा सरकार देने वाली है। यानी बेटियों की पढ़ाई और दवाई, इसकी चिंता भाजपा सरकार करेगी। बंगाल की भाजपा सरकार हर साल 36,000 बहनों के खाते में जमा करेगी। आंगनवाड़ी हो, अन्य महिला हेल्थ वर्कर हो, उनके वेतन को लेकर बंगाल भाजपा ने बड़ी घोषणा की है। बंगाल भाजपा ने बेटियों को सरकारी नौकरी में 33 प्रतिशत आरक्षण का भरोसा दिया है। यानी भाजपा की डबल इंजन सरकार से बंगाल की बहनों और बेटियों को डबल फायदा होगा।

### संदेशखाली का पीएम मोदी ने किया जिक्र

पीएम मोदी ने सत्ता धारी दल पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी के महाजंगलराज की सबसे बड़ी पीड़ित हमारी बहनें और बेटियां हैं। बहनों के साथ सबसे बड़ा धोखा हुआ है, इसलिए इस बार सबसे अधिक गुस्सा बहनों में ही दिख रहा है। संदेशखाली में बहनों के साथ गुंडे अन्याय करते रहे। टीएमसी की निर्मम सरकार गुंडों का साथ देती रही। यहां बहनों को ही गाली दी गई। बंगाल के भाइयों और बहनों, इसे कभी भी भूलना नहीं है।

## पीएम मोदी ने मतुआ संप्रदाय के मुख्य मंदिर में पूजा-अर्चना की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर में मतुआ महासंघ के मुख्य मंदिर ठाकुरबाड़ी में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने चुनावी रैली से पहले समुदाय के मुख्यालय में उनका यह दौरा, जहां संप्रदाय के संस्थापक हरि चंद और गुरु चंद ठाकुर के मंदिर स्थित हैं, मतुआ मतदाताओं तक पहुंचने का एक प्रयास माना जा रहा है। ये मतदाता कम से कम 34 विधानसभा सीटों और बांग्लादेश सीमा से लगे दो दर्जन अन्य क्षेत्रों को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। 19वीं शताब्दी में हरि चंद ठाकुर द्वारा स्थापित मतुआ महासंघ एक सामाजिक-धार्मिक आंदोलन है जिसने ऐतिहासिक रूप से शिक्षा और सामाजिक सुधार के माध्यम से नामासुद्र समुदाय के उत्थान के लिए काम किया है। पीएम मोदी ने 2019 में ठाकुरनगर मंदिर का दौरा किया था और 2021 में बांग्लादेश के ओराकंडी में भी श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

## सभी शरणार्थी परिवारों को मिलेगी नागरिकता- पीएम मोदी

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- जैसे गंगाजी का उद्गम स्थल गंगोत्री है, वैसे ही भाजपा का उद्गम जनसंघ है और जनसंघ का उद्गम बंगाल से हुआ है। पहले लोकसभा चुनाव में बंगाल ने जनसंघ का खाता खोला था। तब कोलकाता से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जीते थे। मैं मतुआ-नामशूद्र और अन्य सभी शरणार्थी परिवारों से कहूंगा... आपको नागरिकता भी मिलेगी, आपको पक्का पता मिलेगा, आपको हर वो कागज मिलेगा, हर वो हक मिलेगा, जो किसी भी भारतवासी को मिलता है। ये मोदी की गारंटी है।

## ठाणे में टीवी देखने को लेकर हुआ झगड़ा, व्यक्ति ने परिवार के तीन सदस्यों को चाकू घोंपा




**ठाणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक घर में जन्मदिन के जश्न के बाद टीवी देखने को लेकर हुए झगड़े में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी, बेटी और पोती पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना शहर के राबोडी इलाके में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को हुई।

**पुलिस ने क्या बताया**

राबोडी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, 'आरोपी मोहम्मद तारिक खान और उसकी पत्नी के बीच अक्सर घर के छोटे-मोटे मुद्दों को लेकर झगड़ा होता रहता था। हाल में हुए झगड़े की मुख्य वजह पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों का टीवी देखना था, जो उसे पसंद नहीं था।' पुलिस के अनुसार, खान और उसके परिवार ने शुक्रवार को उसकी पोती का जन्मदिन मनाया था और रात को सोने चले गए थे, तभी आरोपी ने टीवी के मुद्दे को लेकर अपनी पत्नी से फिर से झगड़ा शुरू कर दिया। अधिकारी ने बताया, 'गुस्से में आकर उसने रसोई का चाकू उठाया और अपनी पत्नी पर हमला कर दिया। जब उसकी बेटी और पोती ने महिला को बचाने के लिए बीच-बचाव किया, तो आरोपी ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया।' उन्होंने बताया कि तीनों पीड़ितों को चोटें आई हैं और उन्हें तुरंत एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।उन्होंने आगे बताया कि बेटी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 118(1) (खतरनाक हथियारों या साधनों से जानबूझकर चोट या गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत एक मामला दर्ज किया गया है, और अब तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## राघव चड्ढा के विश्वासघात से आप कार्यकर्ताओं में गुस्सा मुबंई में घर के बाहर जमकर हंगामा




**मुबंई।** आम आदमी पार्टी के लिए इस समय संकट के बादल गहरा गए हैं। पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों, जिनमें राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल शामिल हैं, ने पार्टी से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। इस बड़े सियासी घटनाक्रम के बाद मुंबई में आप कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है।

सांसदों के पाला बदलने से नाराज आप कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के मुंबई स्थित आवास के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का मानना है कि पार्टी के प्रमुख नेताओं का इस तरह साथ छोड़ना समर्थकों के साथ विश्वासघात है। प्रदर्शनकारियों ने नेताओं के इस फैसले पर नाराजगी जताई और उनसे दोबारा सोचने की अपील की। दूसरी तरफ, पार्टी छोड़ने वाले इन नेताओं का कहना है कि उन्होंने यह फैसला मजबूरी में और सोच-समझकर लिया है। नेताओं का आरोप है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी अपने उन शुरूआती सिद्धांतों और मूल्यों से पूरी तरह भटक गई है, जिन पर पार्टी की नींव रखी गई थी। उनका तर्क है कि अब वे नई पार्टी में रहकर जनता के लिए बेहतर तरीके से काम कर पाएंगे। यह घटनाक्रम आम आदमी पार्टी के आंतरिक संकट को दशार्ता है। एक साथ सात राज्यसभा सांसदों का इस्तीफा पार्टी के संगठन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। वर्तमान में पार्टी के लिए यह समय बेहद चुनौतीपूर्ण है क्योंकि इस टूट ने राजनीतिक गलियारों में खलबली मचा दी है। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले समय में पार्टी इस स्थिति से कैसे उबरती है।

## राम की अयोध्या में गूंजेगा हर-हर महादेव

### सीएम योगी करेंगे शिव मंदिर पर ध्वजारोहण



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में चल रहे धार्मिक आयोजनों की कड़ी में अब शिव मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण की तैयारी पूरी हो चुकी है। मंदिर परिसर में पहले ही रामलला, माता अन्नपूर्णा, सूर्यदेव, हनुमान जी और गणेश मंदिरों में ध्वजारोहण हो चुका है। अब 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिव मंदिर पर ध्वज फहराएंगे। इस कार्यक्रम को लेकर अयोध्या में खास तैयारियां की जा रही हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने इस कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 29 अप्रैल को शाम 5 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिव मंदिर पर ध्वजारोहण करेंगे। इस कार्यक्रम के बाद भक्त मंदिर परिसर में जाकर दर्शन कर सकेंगे। चम्पत राय ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 700 खास मेहमानों को बुलाया गया है। आने वाले मेहमानों के लिए प्रवेश और पार्किंग की खास व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में आने के लिए प्रवेश के रास्ते इस प्रकार होंगे, रंगमहल आश्रम (रामकोट) की तरफ से। अमावा राम मंदिर होते हुए रामगुलेला मंदिर बैरियर की ओर से। बिरला धर्मशाला के सामने जगद्गुरु रामानन्दाचार्य द्वार से।

गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था टेढ़ी बाजार चौराहे पर अरुन्धती भवन, टेढ़ी बाजार से गोकुल भवन की ओर और ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा के पास की गई है। कार्यक्रम के लिए मंदिर परिसर को बहुत सुंदर तरीके से सजाया जा रहा है। वहीं, अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था भी बहुत कड़ी की जा रही है। पुलिस और प्रशासन की टीमें पूरी सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगी ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से पूरा हो सके।

## व्हाइट हाउस गोलीबारी पर पीएम मोदी की कड़ी प्रतिक्रिया

### कहा- लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं

**अमेरिकी।** राष्ट्रपति के निवास व्हाइट हाउस में शनिवार रात को संवाददाताओं के रात्रिभोज के दौरान गोलीबारी की घटना हुई। इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिक्रिया सामने आई। रात्रिभोज के दौरान हुई गोलीबारी की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि रात्रिभोज के दौरान हुई गोलीबारी की मैं निंदा करता हूँ। साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प, उनकी पत्नी और उप-राष्ट्रपति वेंस की सुरक्षा और कुशलता की कामना की। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में इस तरह की हिंसा की कोई जगह नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया और कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप, उनकी पत्नी और उपराष्ट्रपति वेंस की निरंतर सुरक्षा और कुशलता के लिए मंगल कामना करता हूं। यह जानकर राहत मिली कि वाशिंगटन में हुई गोलीबारी की घटना के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उनकी पत्नी तथा उपराष्ट्रपति सुरक्षित हैं। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है, इसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। व्हाइट हाउस में रात्रिभोज के दौरान हुई इस गोलीबारी की घटना के बाद ट्रंप और अमेरिका के अन्य शीर्ष नेताओं को वहां से निकाला गया। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना उस बॉलरूम के बाहर हुई जहां ट्रंप और अन्य अतिथि मौजूद थे। हालांकि, घटना के सटीक कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका। कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है और इसे बाद में आयोजित किया जाएगा। वाशिंगटन की मेयर मुरियल बाउजर ने शनिवार रात कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के निवास व्हाइट हाउस में संवाददाताओं के रात्रिभोज के दौरान गोलीबारी करने वाला संदिग्ध बंदूकों और चाकुओं से लैस था और माना जा रहा है कि उसने अकेले ही घटना को अंजाम दिया।

## महिला फुटबॉल टीम का उदय, चौथे दिन आयोजित हुआ नि:शुल्क महिला फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर

### अनुशासन और कौशल का दिखा बेजोड़ संगम, मुख्य कोच एम. मशकूर साजिद के तकनीकी प्रशिक्षण और यासिर वकास के कड़े अनुशासन प्रबंधन ने शिविर में फूंकी नई जान

दैनिक बुलंद मंज़िल

संभल। जिला फुटबॉल एसोसिएशन (डीएफए) के तत्वावधान में मिशन इंटरनेशनल एकेडमी के मैदान पर आयोजित नि:शुल्क महिला फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का चौथा दिन भी आयोजन हुआ। जिला फुटबॉल संघ के सचिव सय्यद शारिक हुसैन की मौजूदगी में शिविर का आयोजन हुआ। भविष्य की चैंपियनशिप के लिए विभिन्न टीमों के गठन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सचिव ने स्वयं मैदान पर उतरकर खिलाड़ियों के प्रदर्शन का बारीकी से निरीक्षण किया। पारदर्शिता के साथ चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया। सचिव सय्यद शारिक हुसैन का चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कहा कि जिला फुटबॉल संघ का लक्ष्य संभल की प्रतिभाओं को केवल जिला स्तर तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें 'खेलो इंडिया' जैसे राष्ट्रीय मंचों पर स्थापित करना है। उन्होंने घोषणा की कि चयनित बालिकाओं को संघ की ओर से हर संभव तकनीकी और आर्थिक सहायता की



### करंडा कटरिया मामले पर अखिलेश का तंज

## बोले- प्रदेश ने बयान बदलवाने वाला इतना कमजोर मुख्यमंत्री नहीं देखा



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गाजीपुर के करंडा कटरिया मामले में कहा कि बयान बदलवाने से सच नहीं बदलता है। उत्तर प्रदेश ने इतना कमजोर मुख्यमंत्री कभी नहीं देखा, जो घोर अत्याचार के शिकार गरीब-बेबस पीड़ितों पर दबाव डालकर बयान बदलवाते हैं। अखिलेश ने रविवार को जारी अपने बयान में कहा कि सवाल ये हैं कि एफआइआर लिखवाने में इतनी देर क्यों हुई, बयान क्यों बदलवाया गया। पीड़ित परिवार को और उत्पीड़ित क्यों किया जा रहा है। पुलिस तक पर पथराव करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने से किसने रोका था। पोस्टमार्टम पर सवालिया निशान क्यों लगा। सबको सच मालूम है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट कुछ भी कहे, गांव के हर घर को जमीनी सच्चाई मालूम है। गांव के हर समाज में भाजपा का झूठ पहुंच गया है। इससे पीडीए समाज में गुस्सा और आक्रोश है। गाजीपुर की बेटी हत्याकांड, हाथरस की बेटी हत्याकांड का दोहराव है। दोनों पीड़ितों के परिवार पीडीए परिवार थे। सामाजिक न्याय का राज लाने का पीडीए का मिशन दरअसल आजादी के बाद की एक और असली आजादी का आंदोलन है। हम इसके लिए ही संघर्षरत हैं।

संपादकीय


# एआई ड्रोन का परीक्षण नये युग की शुरुआत

पिछले एक दशक में भारत ने विकास की जिस व्यापक यात्रा को तय किया है, वह केवल आर्थिक या ढांचागत प्रगति तक सीमित नहीं रही, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी एक नई चेतना व आत्मविश्वास का संचार हुआ है। इसी कड़ी में पोखरण में 'शेषनाग-150' स्वॉर्म ड्रोन का सफल परीक्षण भारतीय रक्षा क्षमता के एक नए युग की शुरुआत का संकेत देता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्वॉर्म तकनीक से लैस यह ड्रोन पारंपरिक युद्ध प्रणाली को चुनौती देने की क्षमता रखता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह अकेला नहीं, बल्कि समूह में कार्य करता है, जैसे शेषनाग के अनेक फन एक साथ प्रहार करते हैं। परिणामस्वरूप, दुश्मन की एयर डिफेंस प्रणाली भ्रमित हो जाती है और उसके लिए हमले की दिशा पहचानना कठिन हो जाता है। लगभग 1000 किलोमीटर की रेंज के साथ यह तकनीक भारतीय सेना के लिए निर्णायक बढ़त साबित हो सकती है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, विशेषकर मध्य-पूर्व के संघर्षों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों की संख्या या सैनिकों की तैनाती से नहीं, बल्कि तकनीकी दक्षता से तय होंगे। ईरान और इजरायल के बीच हुए हालिया टकरावों में ड्रोन और एआई आधारित हमलों की निर्णायक भूमिका ने युद्ध की बदलती प्रकृति को उजागर किया है। कम लागत वाले ड्रोन से लेकर अत्याधुनिक स्वॉर्म तकनीक तक, युद्ध का चेहरा तेजी से परिवर्तित हो रहा है। भारत ने समय रहते इस बदलाव को समझा है और 'शेषनाग-150' का परीक्षण उसी रणनीतिक दूरदर्शिता का प्रमाण है। यह केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश भी है कि भारत अब केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि तकनीकी रूप से सक्षम और तैयार राष्ट्र है। स्पष्ट है कि आने वाला समय 'स्मार्ट वॉरफेयर' का होगा, जहां बुद्धिमत्ता, तकनीक और रणनीति का संगम ही विजय की कुंजी बनेगा। ऐसे में अनुसंधान, नवाचार और स्वदेशी तकनीक पर निरंतर निवेश भारत की सुरक्षा को और मजबूती देगा।

# मलक्का की चिंता में बदलती चीनी रणनीति

हिंद महासागर की गहराइयों में चल रही हलचल अब केवल समुद्री गतिविधि भर नहीं रह गई है, बल्कि यह 21वीं सदी की बदलती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का संकेत बन चुकी है। चीन की सबसे बड़ी चिंता आज यह है कि कहीं मलक्का जलडमरूमध्य भी उसी तरह का रणनीतिक 'चोकपॉइंट' न बन जाए, जैसा पश्चिम एशिया में होर्मुज स्ट्रेट बन चुका है। यदि ऐसा हुआ, तो चीन की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापारिक मार्गों पर गहरा असर पड़ सकता है। दरअसल, चीन की अर्थव्यवस्था काफी हद तक समुद्री व्यापार और ऊर्जा आयात पर निर्भर है। उसका अधिकांश तेल और गैस मलक्का जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यही कारण है कि बीजिंग इस मार्ग को अपनी सबसे कमजोर कड़ी मानता है, जिसे वह 'मलक्का दुविधा' के रूप में देखता है। यह दुविधा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामरिक भी है, क्योंकि किसी भी संघर्ष की स्थिति में मलक्का जलडमरूमध्य को बाधित किया जाना चीन के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। हाल के वैश्विक घटनाक्रमों ने इस चिंता को और गहरा किया है। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को रणनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करने की घटनाओं ने दुनिया को यह दिखा दिया है कि समुद्री मार्ग केवल व्यापारिक रास्ते नहीं, बल्कि शक्ति संतुलन के औजार भी हैं।

इस घटनाक्रम को चीन ने बेहद बारीकी से देखा और इससे महत्वपूर्ण सबक लिए हैं। यही वजह है कि अब वह अपने समुद्री दृष्टिकोण को तेजी से विस्तार दे रहा है। चीन की रणनीति का एक अहम हिस्सा समुद्र की गहराइयों में डेटा एकत्र करना है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, चीन प्रशांत, हिंद और आर्कटिक महासागरों में बड़े पैमाने पर समुद्री मैपिंग और निगरानी कार्यक्रम चला रहा है। इसके तहत न केवल रिसर्च जहाजों की तैनाती की गई है, बल्कि पानी के भीतर सेंसर नेटवर्क भी स्थापित किए जा रहे हैं। यह गतिविधियां सतही तौर पर वैज्ञानिक अनुसंधान प्रतीत होती हैं, लेकिन इनके पीछे छिपा सैन्य उद्देश्य स्पष्ट रूप से नजर आता है, विशेषकर पनडुब्बी युद्ध क्षमता को मजबूत



करना। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती सक्रियता का सीधा संबंध भारत से भी जुड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में भारतीय नौसेना की मजबूत उपस्थिति और भौगोलिक स्थिति चीन के लिए एक चुनौती के रूप में देखी जाती है। मलक्का जलडमरूमध्य के करीब होने के कारण भारत के पास यह सामरिक क्षमता है कि वह किसी संघर्ष की स्थिति में चीन की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। यही कारण है कि चीन भारत के आसपास के समुद्री क्षेत्रों विशेषकर श्रीलंका और इंडोनेशिया के बीच के जलक्षेत्र में भी सक्रिय रूप से सर्वेक्षण कर रहा है।

रिपोर्टों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में दर्जनों चीनी शोध पोत इन रणनीतिक जलक्षेत्रों में सक्रिय रहे हैं। ये जहाज समुद्र की गहराई, ध्वनि तरंगों और समुद्री संरचनाओं से जुड़ा डेटा एकत्र कर रहे हैं, जो भविष्य में सैन्य अभियानों के लिए बेहद उपयोगी हो सकता है। इस पूरी कवायद को 'दोहरे उपयोग' की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, जहां वैज्ञानिक अनुसंधान के आवरण में सैन्य तैयारी को अंजाम दिया जा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि एक ओर चीन अपनी समुद्री रणनीति को आक्रामक रूप से विस्तार दे रहा है, वहीं दूसरी ओर वह भारत के साथ संबंधों में नरमी भी दिखा रहा है। हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच संवाद में सुधार, वीजा नीतियों में ढील और हवाई सेवाओं की बहाली जैसे कदम इसी दिशा में संकेत करते हैं। गलवान के बाद आई कड़वाहट अब धीरे-धीरे कम होती दिख रही है, लेकिन यह बदलाव केवल कूटनीतिक सौहार्द का परिणाम नहीं है। वास्तव में, यह नरमी एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होती है।

कुल मिलाकर वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता, अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा और समुद्री मार्गों पर बढ़ता दबाव चीन को अपने संबंधों में संतुलन बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। भारत के साथ टकराव को सीमित रखना और सहयोग के रास्ते खुले रखना, उसके व्यापक रणनीतिक हितों के अनुकूल है। इस पूरे परिदृश्य से यह स्पष्ट है कि मलक्का जलडमरूमध्य केवल एक भौगोलिक मार्ग नहीं, बल्कि भविष्य की शक्ति राजनीति का केंद्र बनता जा रहा है। चीन की बढ़ती समुद्री गतिविधियां और भारत के साथ उसकी बदलती कूटनीति इसी बड़े खेल का हिस्सा हैं। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या मलक्का भी होर्मुज की तरह वैश्विक तनाव का केंद्र बनता है, या फिर सहयोग और संतुलन के जरिए इसे स्थिर बनाए रखा जा सकेगा। ■ राममनोहर रायकवार

होगा और इसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा दोपहर 4:30 बजे वृषभ राशि का नक्षत्र रोहिणी का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा रात्रि 10:30 बजे वृषभ राशि का नक्षत्र रोहिणी का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा। **योग:-** सौभाग्य। **करण:-** वणिज। **नक्षत्र के अनुसार राशि नाम अक्षर:-** ओ वा वी वु। **आराधना का मंत्र:-** ऊँ जामदग्न्याय विद्महे महावीराय धीमहि तन्नो परशुराम: प्रचोदयात्।।

- **मेष राशि:-** समय आज से ठीक हो रहा है। मन प्रसन्न रहेगा। कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। प्रेम संबंधों में अनुकूलता आएगी।
- **वृषभ राशि:-** राशि स्वामी और बुध दोनों ही आपकी मदद कर रहे हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि तेजी से बढ़ेगी।
- **मिथुन राशि:-** समय आज पूरी तरह से आपकी मदद करेगा. यश, मान-सम्मान में वृद्धि होगी।
- **कर्क राशि:-** समय आज सामान्य है। घरेलू परेशानियां बढ़ सकती हैं। प्रेम संबंधों में प्रतिकूलता रह सकती।
- **सिंह राशि:-** समय आज से शानदार हो गया है। कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। मन प्रसन्न रहेगा।
- **कन्या राशि:-** समय आज कमजोर सा है, अनावश्यक बहस करने से बचें। प्रेम संबंधों से बचें।
- **तुला राशि:-** समय बढ़िया बना हुआ है, अपने आवश्यक कार्यों को तेजी से एक-दो दिन में अवश्य कर लें।
- **वृश्चिक राशि:-** समय आज पूरी तरह से आपकी सहायता करेगा। कार्यक्षेत्र शानदार रहेगा।
- **धनु राशि:-** समय आज से सामान्य हो रहा है, जरूरी काम अभी भी सोच-समझकर करें। प्रेम संबंध सामान्य होंगे।
- **मकर राशि:-** समय आज ठीक नहीं है, वाद-विवाद से बचें। वाहन सावधानी से चलाएं।
- **कुंभ राशि:-** समय आज बेहद शानदार बना हुआ है। कार्यक्षेत्र बढ़िया रहेगा। प्रेम संबंध और शानदार बनेंगे।
- **मीन राशि:-** समय आज आपके पक्ष का बना हुआ है। विरोधी पक्ष कमजोर रहेंगे। यात्रा सुखद रहेगी।



मध्य-पूर्व में युद्धविराम भले ही राहत का संकेत दे रहा हो, पर इसके आर्थिक प्रभाव अब भी वैश्विक परिदृश्य को झकझोर रहे हैं। ऊर्जा आपूर्ति, महंगाई और विकास दर पर पड़े इसके असर ने स्पष्ट कर दिया है कि क्षेत्रीय संघर्ष आज वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं, जिनका प्रभाव सीमाओं से कहीं आगे तक जाता है।

# मध्य-पूर्व तनाव का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा असर

मिडिल ईस्ट में भले ही फिलहाल युद्ध विराम की एक क्षणिक शांति स्थापित हुई हो, पर इसके पीछे छिपे आर्थिक कंपन अब भी दुनिया भर में महसूस किए जा रहे हैं। दरअसल युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़ा जाता, उसका प्रभाव बाजारों, संसाधनों और आम जनजीवन तक गहराई से पहुंचता है। यही कारण है कि इस संघर्ष ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है। क्षेत्रीय स्तर पर जहां हजारों जाने गई वहीं आर्थिक गतिविधियों पर भी इसका गहरा असर पड़ा है। विशेष रूप से होर्मुज स्ट्रेट का बाधित होना, जो विश्व के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक है, ने कई देशों की ऊर्जा सुरक्षा को संकट में डाला है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा। कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति में आई बाधा ने देश को संकट में डाला। हालांकि, इसके पुनः खुलने से भारत को राहत मिली और धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होने लगी। यह घटना बताती है कि वैश्विक निर्भरता के इस दौर में किसी एक क्षेत्र का संकट कितनी तेजी से दूसरे देशों को प्रभावित कर सकता है।

**इसके** विपरीत, पाकिस्तान जैसे देशों के लिए यह संकट कहीं अधिक गहरा साबित हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की हालिया रिपोर्ट इस वास्तविकता को उजागर करती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की रिपोर्ट में पाकिस्तान की आर्थिक विकास दर के अनुमान में कटौती करते हुए इसे 4.1 प्रतिशत से घटाकर 3.5 प्रतिशत कर दिया गया है। यह केवल आंकड़ों का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि उस आर्थिक दबाव का संकेत है, जो बाहरी परिस्थितियों के कारण देश पर बढ़ता जा रहा है। महंगाई की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। आगामी वित्त वर्ष में इसके 8.4 प्रतिशत तक पहुंचने की आशंका जताई गई है, जो पहले के अनुमान से अधिक है। महंगाई केवल वस्तुओं के दाम नहीं बढ़ाती, बल्कि यह आम नागरिकों के जीवन स्तर को भी प्रभावित करती है। इससे केंद्रीय बैंक पर ब्याज दरों को ऊंचा बनाए रखने का दबाव बढ़ता है, जिससे निवेश और विकास दोनों प्रभावित होते हैं।

**पाकिस्तान** का बाहरी क्षेत्र भी इस संकट की मार झेल रहा है। चालू खाता घाटा बढ़कर जीडीपी के 0.9 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो पहले के अनुमान से लगभग दोगुना है। इसका मूल कारण उसकी ऊर्जा निर्भरता है। लगभग 90 प्रतिशत तेल और गैस का आयात मध्य-पूर्व से होने के कारण, वहां की किसी भी अस्थिरता का सीधा प्रभाव पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। हालांकि यह संकट केवल पाकिस्तान तक सीमित नहीं है। आईएमएफ ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी चेतावनी दी है। वर्ष 2026 और 2027 के लिए वैश्विक विकास दर क्रमशः 3.1 और 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले औसत से कम है। महंगाई भी वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय बनी हुई है, जो 2026 में 4.4 प्रतिशत तक जा सकती है।

**इन** सबसे स्पष्ट है कि मध्य-पूर्व का यह तनाव केवल क्षेत्रीय मुद्दा नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए एक गंभीर चुनौती है। अतः मध्य पूर्व का युद्ध विराम केवल सैन्य स्तर पर नहीं, बल्कि आर्थिक स्तर पर भी स्थायी होना चाहिए। विश्व समुदाय को ऊर्जा सुरक्षा, आपूर्ति विविधीकरण और क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीरता से विचार करना होगा। अन्यथा, ऐसे संकट न केवल विकासशील देशों, जैसे पाकिस्तान को, बल्कि पूरी मानव सभ्यता की आर्थिक प्रगति को पीछे धकेलते रहेंगे। ■ जसवंत सिंह राजपूत

# मथुरा में एक और गेस्ट हाउस गंदे धंधे में संलिप्त मिला

## -मथुरा में गेस्ट हाउस में चल रही थीं अवैध गतिविधियां, सात को हिरासत में लिया

**बुलंद मंजिल / प्रदीप अग्रवाल**

**मथुरा।** कान्हा की नगरी में एक और गेस्ट हाउस गंदे धंधे में संलिप्त मिला। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वहीं गेस्ट हाउस से चार युवतियों को भी पुलिस ने अपने संरक्षण में लिया है। अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। महानगर की कोतवाली क्षेत्र के बीएसए चौकी इलाके में स्थित एक गेस्ट हाउस पर छापेमारी कर पुलिस ने देह व्यापार के मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एएसपी आशना चौधरी के नेतृत्व में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरएस गेस्ट हाउस में लंबे समय से अवैध देह व्यापार संचालित हो रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा जहां से चार युवतियों और तीन युवकों को पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है। साथ ही गेस्ट हाउस संचालकों की भूमिका और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच भी शुरू कर दी गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ सिटी आशना चौधरी ने बताया कि थाना कोतवाली पुलिस को शनिवार की देर रात सूचना दी गयी थी कि कोतवाली क्षेत्र में एक गेस्ट हाउस में कुछ अवांछनीय गतिविधियां चल रही हैं। पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर छापामार कार्रवाई की। मौके से चार लड़कियां को मुक्त कराया गया और तीन लड़के गिरफ्तार किया गया हैं, इसमें खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.।

# हाथरस जिले के सादाबाद में हेलीकॉप्टर से नवविवाहिता को लेकर पहुंचे डॉक्टर, मडनई गांव बना चर्चा का केंद्र

## गांव में पहली बार हेलीकॉप्टर उतरने से बना ऐतिहासिक माहौल,दिल्ली में हुआ विवाह, हेलीकॉप्टर से गांव पहुंचे दंपति

## -बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में दिखा जबरदस्त उत्साह! पुलिस प्रशासन ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण

**अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** सादाबाद क्षेत्र के मडनई गांव में रविवार को उस समय उत्साह और रोमांच का माहौल बन गया जब गांव के निवासी डॉ. सोमवीर चौधरी अपनी नवविवाहिता पत्नी रानी को हेलीकॉप्टर से विदा कराकर पैतृक गांव पहुंचे। यह घटना गांव के इतिहास में पहली बार हुई, जिसे देखने के लिए सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

दोपहर के समय जैसे ही हेलीकॉप्टर निर्धारित स्थान पर उतरा, वहां मौजूद लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस अनोखे दृश्य को देखने के लिए उत्साहित नजर आए। ग्रामीणों ने इस खास पल को अपने





मोबाइल फोन में कैद किया, जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।

जानकारी के अनुसार, डॉ. सोमवीर चौधरी ने दिल्ली में विवाह संपन्न होने के बाद अपनी पत्नी को हेलीकॉप्टर से गांव लाने का निर्णय लिया था। उनके इस निर्णय ने शादी को और अधिक यादगार और भव्य बना दिया। घटना के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन मौके पर तैनात रहा। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए पूरी व्यवस्था शांतिपूर्ण ढंग से संभाली। इस अवसर पर युवा नेता रोहित भरगंर ने डॉ. सोमवीर चौधरी का साफा बांधकर सम्मान किया। उन्होंने उन्हें सरल, मिलनसार और मेहनती व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में उन्होंने अपनी मेहनत से अलग पहचान बनाई है। उन्होंने यह भी कहा कि जब गांव के युवा इस तरह नए कीर्तिमान स्थापित करते हैं, तो न केवल क्षेत्र का नाम रोशन होता है बल्कि पूरे समाज में गर्व की भावना पैदा होती है।

# यू पी बोर्ड में परचम लहराया शाहबाद के दो होनहारो, अंजनी पांचवें व अंकित रहे छठे स्थान

## बेस्ट माइंड एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दोनों को किया गया सम्मानित

**दैनिक बुलंद मंज़िल/विनोद गुप्ता**

**रामपुर।** रविवार को रामपुर के शाहबाद क्षेत्र के दो प्रतिभाशाली छात्रों अंजनी मैथिल और अंकित ने यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में क्रमशः पांचवां और छठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंजनी मैथिल, पुत्री प्रवेश कुमार, ने 92.50% अंक हासिल किए, जबकि अंकित, पुत्र हेमराज ने 92.33% अंक प्राप्त किए। अंजनी मैथिल शाहबाद कॉलोनी, सिरौली रोड की निवासी हैं और उनका स्थायी निवास चंदौसी की हाईडील कॉलोनी में है। उनका परिवार पिछले लगभग 20 वर्षों से शाहबाद में रह रहा है। अंजनी की प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 1 से 5 तक सेंट पॉल अकैडमी में हुई, जबकि कक्षा 6 के बाद उन्होंने शहीद भगत सिंह





गर्ल्स इंटर कॉलेज, शाहबाद से पढ़ाई जारी रखी। गणित विषय में उन्होंने 98 अंक प्राप्त किए हैं और भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करने का लक्ष्य रखा है। वह कक्षा 11 में गणित विषय चुनेंगी। उनके परिवार में दो भाई-बहन हैं। वहीं अंकित मडैयान बदे, शाहबाद के निवासी हैं। उन्होंने कक्षा 1 से 5 तक की शिक्षा आदर्श नव शक्ति पब्लिक स्कूल से प्राप्त की और इसके बाद जनहित कमला ईडन गार्डन इंटर कॉलेज में अध्ययन जारी है । अंकित ने भी गणित में 98 अंक प्राप्त किए हैं और आगे चलकर इंजीनियर बनने का सपना देख रहे हैं। उनके परिवार में एक बहन और तीन भाई हैं। उनके पिता खेती करते हैं और उनकी पढ़ाई में उनके बड़े भाई का विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने घर पर ही उन्हें पढ़ाया। दोनों छात्रों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बेस्ट माइंड एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष दिनेश कुमार एवं प्रबंधक सचिव सुमित कुमार ने प्रशस्ति पत्र, डायरी और पेन भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर मौलाना जौहर अकादमी के प्रबंधक मुस्तफा हुसैन और ज्ञान ज्योति मोंटेसरी स्कूल के प्रबंधक राजीव कुमार भटनागर भी उपस्थित रहे। सभी ने दोनों छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अन्य विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# शाहबाद में यात्री शेड के सामने अतिक्रमण: फल विक्रेताओं के ठेलों से वाहनों को दिक्कत, यात्रियों से झगड़े

## सिरोली रोड पर मस्जिद के बराबर से पान तंबाकू वालों ने लगाया बड़ा अतिक्रमण





**दैनिक बुलंद मंज़िल/ अभिषेक मिश्रा**

**शाहबाद रामपुर ।** शहर के मुख्य चौराहे पर यात्री शेड के सामने फल विक्रेताओं ने ठेले लगाकर अतिक्रमण कर रखा है। इससे रामपुर-आंवला मार्ग पर वाहनों की आवाजाही और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन द्वारा नगर में सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार चेतावनी दी जा रही है। हालांकि, इन चेतावनियों का कुछ लोगों पर कोई असर नहीं दिख रहा है।यह अतिक्रमण नगर के सबसे व्यस्त रहने वाले रामपुर-आंवला मुख्य चौराहे पर है। फल विक्रेताओं के ठेलों के कारण रामपुर से आंवला की ओर मुड़ने वाले वाहनों को काफी दिक्कत होती है। जिसमें मस्जिद के बराबर से पान गुटखे रखने वाले ने अपनी दुकान बीच रोड पर लगा रखी है । जब यात्री इन विक्रेताओं से ठेले हटाने का अनुरोध करते हैं, तो वे उनसे झगड़े पर उतर आते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक ''गिलेडविन मसीह'' के लिए ''बुलंद मंज़िल'' हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।
PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122

CMYK

# तेज रफ्तार का कहर: सड़क किनारे बैठे युवकों को मारी टक्कर, चार घायल—पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**सैद नगली।** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही का एक और मामला सामने आया है, जहां सड़क किनारे खड़े युवकों को एक तेज गति से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सुल्तानपुर भीमा निवासी मनमोहन पुत्र भीष्म ने थाना सैदनगली में दी गई तहरीर में बताया कि 21 अप्रैल की रात करीब 9:22 बजे उसका भाई लवकुश और गांव का ही विजेंद्र पुत्र मुरारी सड़क किनारे बाइक पर बैठे हुए थे। उसी दौरान गांव के जयसिंह और अनमोल भी पास में खड़े थे। तभी फत्तेपुर की ओर से आ रही एक कार के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और लवकुश व विजेंद्र को गंभीर चोटें आईं, जबकि जयसिंह और अनमोल भी घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

पीड़ित पक्ष ने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मनमोहन की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार पर नियंत्रण को लेकर सवाल खड़े करती है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और सड़क पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

# गजरौला में रातों-रात खुदाई, सुबह खुला मिट्टी माफिया का राज




**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**गजरौला।** क्षेत्र में अवैध खनन का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां प्रशासनिक जांच में करीब 1002 घनमीटर मिट्टी के अवैध खनन और परिवहन का खुलासा हुआ है। मामला तहसील हसनपुर के ग्राम सुल्तानठेर मौहम्मदपुर का है, जहां दूरभाष के माध्यम से मिली शिकायत के बाद खनन विभाग हरकत में आया।

रविवार को सुबह लगभग 2 बजे (पूर्वाह्न) खान विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय और अभिलेखी जांच की। जांच के दौरान गाटा संख्या 56, रकबा 0.227 हेक्टेयर भूमि, जो कि छत्तरपाल पुत्र देवकी और ननिहा पत्नी देवकी के नाम दर्ज है, में बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन पाया गया। अधिकारियों के अनुसार लगभग 53 मीटर लंबाई, 27 मीटर चौड़ाई और 0.70 मीटर गहराई तक मिट्टी हटाई जा चुकी थी। हालांकि मौके पर कोई वाहन या खनन उपकरण नहीं मिला, लेकिन मिट्टी की मात्रा और स्थल की स्थिति से यह साफ हो गया कि खनन व्यावसायिक उद्देश्य से किया गया है। जांच में यह भी सामने आया कि इस खनन के लिए किसी सक्षम अधिकारी से कोई अनुमति नहीं ली गई थी, जो कि उत्तर प्रदेश खनिज नियमावली 2021 और खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 का सीधा उल्लंघन है। खनन के कारण खेत में गहरा गड्ढा बन गया है, जिससे आसपास के खेतों की मेढ़ और भूमि संरचना पर भी दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई है।

इस मामले में खान अधिकारी के बी सिंह की तहरीर पर गजरौला कोतवाली पुलिस ने भूस्वामी छत्तरपाल, ननिहा और अन्य अज्ञात खननकर्ताओं के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सरेआम दबंगई: गाली-गलौज के बाद जान से मारने की धमकी

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**डिडौली।** थाना क्षेत्र के ग्राम दानपुर में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के ही कुछ युवकों ने एक व्यक्ति के घर पहुंचकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दानपुर निवासी लोकेश सिंह पुत्र भारत सिंह ने थाना डिडौली में दी तहरीर में बताया कि 26 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 12 बजे गांव के ही रचिन पुत्र विजेन्द्र सिंह अपने साथियों कुलदीप पुत्र बलराज सिंह और एक अन्य युवक के साथ उसके घर के गेट पर आ धमका। आरोप है कि तीनों ने वहां पहुंचकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। लोकेश सिंह ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

थाना डिडौली पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गांव में इस घटना के बाद से चर्चा का माहौल है और ग्रामीणों ने भी ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की उठी मांग, प्रदेश एवं केंद्र सरकार को भेजा गया पत्र

## गोमांस मामलों की केंद्रीय एजेंसियों से जांच की भी मांग: डॉ विकुल मलिक

**दैनिक बुलंद मंज़िल/ सलीम हैदर**



**बिजनौर।** भारतीय गौ रक्षा वाहिनी के के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश सचिव डॉ विकुल मलिक ने भारत के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग उठाई है।

अपने पत्र में डॉ विकुल मलिक ने कहा कि भारत में गौ माता को सनातन संस्कृति में विशेष स्थान प्राप्त है और करोड़ों लोगों की आस्था इससे जुड़ी हुई है। ऐसे में अब समय आ गया है कि सरकार देश की जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए और इस दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा प्रदान करे। डॉ विकुल मलिक ने एक भावनात्मक अपील करते हुए कहा, भारत की जनता करें पुकार, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करें सरकार।

इसके साथ ही उन्होंने भारत में गोमांस पकड़े जाने के मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की तथा आरोप लगाया कि अब तक सामने आए मामलों की जांच अधूरी रही है। और जांच अधिकारियों ने गहराई से पड़ताल नहीं की, जिसके कारण असली आरोपी खुलेआम घूमते रहे हैं। डॉ विकुल मलिक ने यह भी आशंका जताई कि कहीं गो तस्करों और ड्रग्स माफिया के बीच सांठगांठ कर देश की युवा पीढ़ी को नुकसान पहुंचाने के लिए गौ अवशेषों का दुरुपयोग तो नहीं किया जा रहा।

उन्होंने मांग की कि इन सभी मामलों की जांच केंद्रीय एजेंसियों से करवाई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो।

डॉक्टर मलिक ने कहा कि यह मुद्दा केवल धार्मिक आस्था का ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक व्यवस्था से भी जुड़ा हुआ है, जिस पर सरकार को गंभीरता से कदम उठाने की आवश्यकता है।

# झूठे बहाने से बुलाकर हमला, पिता पर ही बेटों ने बोला हमला—लूट और जान से मारने की धमकी का आरोप

## संपत्ति विवाद में बढ़ी रंजिश, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा, पुलिस ने शुरू की जांच

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**डिडौली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पारिवारिक रंजिश का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने अपने ही बेटों और अन्य पर झूठे बहाने से बुलाकर हमला करने, लूटपाट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता के बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिसके आदेश पर थाना डिडौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना अमरोहा नगर क्षेत्र के डाक बंगला स्टेशन रोड निवासी विजयपाल सिंह, जो सोलर पैनल और बैटरी का व्यापार करते हैं, ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पास एक महेन्द्रा पिकअप वाहन है, जिसका उपयोग वे अपने व्यापार में करते हैं। विजयपाल सिंह के अनुसार, उनकी दो शादियां हैं और इसी को लेकर पहली पत्नी के बच्चों से उनका लंबे समय से विवाद चला आ रहा है।



पीड़ित का आरोप है कि 22 मार्च 2026 की शाम करीब 7:30 बजे उनके बेटे पंचम सिंह ने पहली पत्नी के फोन से कॉल कर बताया कि उनकी गाड़ी इकोंदा अड्डा पर खराब हो गई है और उसे लेने के लिए बुलाया। जब विजयपाल सिंह बताए गए स्थान पर पहुंचे तो वहां उनकी गाड़ी नहीं मिली। इसके बाद जब वे इकोंदा से तोफापुर राधा स्वामी रोड की ओर बढ़े, तो रास्ते में उनके बेटे विकास, पंचम, बलजीत सिंह और बहुएं सोनम व सुषमा मिल गए।

आरोप है कि पूछताछ करने पर सभी आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्हें झूठ बोलकर बुलाया गया है और इसी दौरान उन्होंने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। विजयपाल सिंह के मुताबिक, विकास ने डंडे से उनके कूल्हे पर वार किया, जिससे वे गिर पड़े। वहीं, बलजीत सिंह ने धारदार हथियार से हमला कर उनके हाथ पर चोट पहुंचाई। इस दौरान सोनम और सुषमा ने उनके गले से सोने की चेन खींच ली और आरोपियों ने करीब 1 लाख 15 हजार रुपये भी लूट लिए।

पीड़ित ने बताया कि शोर मचाने पर राहगीरों के आने से आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद विजयपाल सिंह ने थाना डिडौली में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने 4 अप्रैल 2026 को पुलिस अधीक्षक को भी डाक के माध्यम से शिकायत भेजी, फिर भी सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार, न्याय न मिलने पर विजयपाल सिंह ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर थाना डिडौली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गृहकलह में 25 वर्षीय युवक ने दी जान, दो बच्चों से छिना पिता का साया

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**आदमपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार रात को उस समय मातम छा गया, जब 25 वर्षीय युवक ने कथित रूप से गृहकलह से परेशान होकर घर के अंदर ही फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक बीते कुछ समय से पारिवारिक विवादों से जूझ रहा था। शनिवार रात को उसने अपने घर के कमरे में पंखे के कुंडे से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर तक कमरे का दरवाजा बंद रहने पर परिजनों को शक हुआ। जब दरवाजा खोला गया तो युवक का शव लटका मिला। यह दृश्य देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। बताया जा रहा है कि मृतक अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिनमें एक की उम्र लगभग 5 वर्ष और दूसरे की 3 वर्ष है। दोनों मासूम अब पिता के साये से वंचित हो गए हैं, जिससे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों ने इस मामले में किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार करते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि घटना की सुचना थाने पर नही है

# पुलिस ने ट्यूबवेल चोरी का खुलासा करते हुए चोरी का सामान और बाइक की बरामद

**दैनिक बुलंद मंजिल/उपेंद्र सिंह**




**नजीबाबाद।** थाना मंडावली पुलिस ने ट्यूबवेल से केबल और स्टार्टर चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी का सामान और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

सुरेंद्र कुमार पुत्र कान्हा निवासी ग्राम प्रेमपुरी ने 23 अप्रैल 2026 को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि अज्ञात चोरों ने उनके खेत की ट्यूबवेल से 4-5 मीटर केबल, एक एसकेएन कंपनी का स्टार्टर और 2-3 छोटे तार के टुकड़े चुरा लिए थे। शिकायत के आधार पर मंडावली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी जिसपर 24 अप्रैल 2026 को मंडावली पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल आरोपी वसीम पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम शाहजहांपुर जसरथ उर्फ पुंडरी कला, थाना मंडावली, बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में केबल के तीन टुकड़े (प्रत्येक लगभग 4-4 मीटर), केबल के दो टुकड़े (प्रत्येक 2 मीटर), एल्युमीनियम के केबल का 10 मीटर का गोलाकार टुकड़ा और एक आधा खुला स्टार्टर बरामद हुआ। वारदात में इस्तेमाल की गई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (नंबर वअ07द-8294) भी बरामद की गई।बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317 (2) की वृद्धि की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर साक्ष्य जुटाए गए और कई जगहों के सीसीटीवी फुटेज की मदद से अपराधी तक पहुंचा गया।

# ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और ब्रिटिश संसद में गूंजा धामपुर का नाम

## डॉ. शिवांशु सक्सेना व डॉ. सुनीता यादव हुए सम्मानित

**दैनिक बुलंद मंज़िल मौहम्मद जीशान**




**धामपुर।** लंदन में 10 अप्रैल से 13 अप्रैल तक आयोजित वर्ल्ड होम्योपैथी समिट-4 में धामपुर के नाम की गूंज ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और ब्रिटिश संसद तक सुनाई दी। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में धामपुर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. शिवांशु सक्सेना एवं डॉ. सुनीता यादव को उनके शोध कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

यह प्रतिष्ठित समिट Burnfett Homeopathy Private Limited द्वारा House of Lords और University of Oxford जैसे विश्वप्रसिद्ध संस्थानों में आयोजित किया गया, जिसमें विश्वभर से आए विशेषज्ञों, शोधकताओं और चिकित्सकों ने भाग लिया।

सम्मेलन के दौरान डॉ. शिवांशु सक्सेना और डॉ. सुनीता यादव, जो धामपुर स्थित पूजा होमियो क्लिनिक में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में आयोजित विशेष वैज्ञानिक सत्र में पुरुष एवं स्त्री निःसंतानता विषय पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत करने का अवसर मिला। उनके शोध कार्य को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और चिकित्सकों ने सराहा।

समिट में वैज्ञानिक सत्र, केस स्टडी प्रस्तुतियां और संवादात्मक चचाएं भी आयोजित की गईं, जिनमें आधुनिक उपचार पद्धतियों और नए शोध निष्कर्षों पर विचार-विमर्श हुआ।

इस अवसर पर डॉ. शिवांशु सक्सेना ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताते हुए कहा कि ऐसे वैश्विक मंच ज्ञानवर्धन के साथ भारतीय चिकित्सा पद्धति को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। धामपुर के चिकित्सकों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# 25 साल का सफर: एस डी इंटर कॉलेज में प्रतिभाओं का हुआ भव्य सम्मान







**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**सैद नगली।** शिक्षा, संस्कार और सफलता के 25 वर्षों का सुनहरा सफर तय करने वाले एस डी इंटर कॉलेज सैद नगली में रजत जयंती के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां प्रतिभा, परिश्रम और उपलब्धियों का शानदार संगम नजर आया।

समारोह का मुख्य आकर्षण हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान रहा। मंच पर जैसे ही टॉपर्स को सम्मानित किया गया, तालियों की गूंज से माहौल गर्व और उत्साह से भर उठा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। नृत्य, नाटक और गीतों के माध्यम से बच्चों ने न केवल अपनी प्रतिभा दिखाई, बल्कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और साइबर क्राइम जैसे गंभीर विषयों पर जागरूकता का संदेश भी दिया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

रजत जयंती के इस खास मौके पर कॉलेज परिवार के साथ-साथ अभिभावकों और स्टाफ को भी सम्मानित किया गया। समारोह में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताते हुए उन्हें भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पीतम सिंह, डायरेक्टर मास्टर सूरजपाल सिंह, प्रबंधक राजेंद्र सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक और सपा जिला सचिव चंद्रपाल सिंह सैनी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह का समापन गर्व, उमंग और नई उम्मीदों के साथ हुआ, जहां हर चेहरे पर कॉलेज की 25 साल की उपलब्धियों की चमक साफ नजर आई।

# खाकी का नया जोश: अमरोहा में 194 नवआरक्षियों की शानदार पासिंग आउट







**दैनिक बुलंद मंज़िल/ असलम सैफी जिला प्रभारी**

**अमरोहा।** रिजर्व पुलिस लाइन, अमरोहा में रविवार को उस समय गर्व और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्तीझ2025 बैच के 194 नवआरक्षियों का दीक्षांत परेड समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपमहानिरीक्षक नोएडा अजय कुमार तथा विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी नितिन गौड़ की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी गरिमामयी बना दिया।


मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी लेकर नवआरक्षियों की सधी हुई चाल, अनुशासन और शारीरिक दक्षता का निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह परेड केवल प्रशिक्षण का अंत नहीं, बल्कि जनसेवा, कानून व्यवस्था और पुलिस की गरिमा को बनाए रखने की नई जिम्मेदारियों की शुरूआत है। उन्होंने नवआरक्षियों से ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता के साथ सेवा करने का आान किया।

समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट्स को सम्मानित किया गया। अंतः एवं बाह्य विषयों में उज्जवल देशवाल, अंकित कुमार और अन्य प्रशिक्षुओं ने शीर्ष स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परेड कमांड में भी अंकित कुमार, उज्जवल देशवाल और विशाल पंवार ने उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया। सर्वांगीण सर्वोत्तम रिक्रूट का खिताब उज्जवल देशवाल के नाम रहा।

पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने नवआरक्षियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके शामिल होने से जनपद की पुलिस व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने सभी को अनुशासन, टीमवर्क और सेवा भावना के साथ अपने दायित्व निभाने की सीख दी।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ, लेकिन नवआरक्षियों के कदमों की गूंज आने वाले समय में कानून व्यवस्था की मजबूती का संकेत दे गई।

# जिला बदर वारंटी अभियुक्त अवैध तमंचे संग गिरफ्तार, भेजा गया जेल




**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**सैद नगली।** जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सैदनगली थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक जिला बदर/वारंटी अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष सैदनगली के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने रविवार को सलीम पुत्र बाबू कुरैशी निवासी मोहल्ला कुरैशियान, कस्बा सैदनगली को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। जांच में सामने आया कि अभियुक्त को अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक के आदेश पर छह माह के लिए जिला बदर किया गया था, लेकिन वह आदेश की अवहेलना कर जनपद में ही रह रहा था। इसके साथ ही वह गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में भी लंबे समय से फरार चल रहा था और न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिसके चलते उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना सैदनगली में मुकदमा संख्या 121/2026 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम एवं 10 गुण्डा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई पूरी की। गौरतलब है कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी काफी लंबा है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, पशु क्रूरता अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट समेत कई संगीन धाराओं में करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि जनपद में अपराध पर नियंत्रण के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# हसनपुर पुलिस की सख्ती: फर्जी मुकदमे की साजिश रचने वाले दो आरोपी दबोचे

**दैनिक बुलंद मंज़िल/ जितेंद्र यादव**

**अमरोहा।** जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हसनपुर पुलिस ने एक अहम सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के निकट पर्यवेक्षण में थाना हसनपुर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए फर्जी मुकदमे की परिकल्पना करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



प्रभारी निरीक्षक थाना हसनपुर राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए आरोपी सोहित कुमार तथा नीरज कुमार को कोतवाली हसनपुर पुलिस ने हिरासत में लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी झूठा मुकदमा दर्ज कराने की योजना बना रहे थे, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती थी। समय रहते पुलिस की सक्रियता से इस साजिश का पदार्फाश हो गया। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय उपजिलाधिकारी हसनपुर के समक्ष पेश किया गया।

# अपराध पर वार, शांति का पहरा—रजबपुर पुलिस की कार्रवाई में दो गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रजबपुर ब्यूरो।** जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में थाना रजबपुर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक यादव और प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई।



पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। यह धाराएं शांति व्यवस्था भंग करने और संदिग्ध गतिविधियों से संबंधित हैं, जिनके तहत पुलिस को कार्रवाई का अधिकार प्राप्त है। थाना रजबपुर पुलिस टीम ने गश्त और सतर्क निगरानी के दौरान दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। आम जनता से भी अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनी रहे।

# मिशन शक्ति की सख्ती: अपराध की मंशा पर पहले ही वार, एक आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा।** जनपद में चल रहे मिशन शक्ति फेस-5 अभियान के तहत रहरा थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो संज्ञेय अपराध करने की तैयारी में था। पुलिस की सतर्कता और अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग के चलते संभावित वारदात को समय रहते टाल दिया गया।

पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। मिशन शक्ति टीम ने आरोपी रणवीर पुत्र रमेश, निवासी ग्राम भैंसरी थाना रहरा को गिरफ्तार किया।



पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

इस कार्रवाई से साफ है कि अमरोहा पुलिस अब केवल अपराध होने के बाद नहीं, बल्कि उसकी योजना बनाने वालों पर भी पैनी नजर रख रही है। इससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने का संदेश गया है।

# गजरौला में कहासुनी से भड़की हिंसा, परचून की दुकान पर दो पक्षों में मारपीट





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के नाइपुरा मोहल्ले में रविवार को एक परचून की दुकान पर मामूली कहासुनी ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार, दुकान पर सामान लेने आए एक युवक और दुकानदार के बेटे के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ती गई और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुछ ही देर में दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों के लोग भी मौके पर पहुंच गए, जिससे माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया। मारपीट में दोनों युवकों को चोटें आईं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को संभालने की कोशिश की।

घटना की सूचना मिलते ही गजरौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा। इसके बाद पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाते हुए संबंधित पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार, घटना के संबंध में तहरीर मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है, लेकिन पुलिस सतर्कता बरत रही है ताकि दोबारा किसी तरह का विवाद न हो।

# गजरौला पुलिस का एक्शन मोड: फजीवाड़े में 6 आरोपी दबोचे, कोर्ट में पेश



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**गजरौला।** जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गजरौला पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के निकट पर्यवेक्षण में अंजाम दी गई।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में थाना गजरौला पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में इस्तिकार और उसका भाई फुरकान (निवासी सैफी नगर), साहिल व इजाब अली (निवासी नाईपुरा), सचिन (निवासी बसंत विहार) और दिनेश (निवासी शीशोवाली) शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, यह गिरफ्तारी अपराध नियंत्रण अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीम पूरी तरह सक्रिय है।

गजरौला पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अपराधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा और किसी को भी कानून से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

# अमरोहा में अपराधियों पर कड़ा शिकंजा, 4 पर गुंडा एक्ट लागू, 2 की हिस्ट्रीशीट खुली



लखन सिंह यादव पुलिस अधीक्षक अमरोहा

**दैनिक बुलंद मंज़िल/ सर्वेश यादव**

**अमरोहा।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से अमरोहा पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चार शातिर अपराधियों के खिलाफ 3/4 गुंडा एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है, जबकि दो अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार भदौरिया के मार्गदर्शन में जनपदीय पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चिन्हित अपराधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

गुंडा एक्ट के तहत जिन चार अभियुक्तों पर कार्रवाई की गई है, उनमें मयंक पुत्र कृष्ण कुमार यादव निवासी ताजपुर थाना मंडी धनौरा, सुमित दिवाकर पुत्र नत्थू निवासी मलकपुर शुमाली थाना मंडी धनौरा, उमेश कुमार थाना आदमपुर तथा नरेश निवासी थाना आदमपुर शामिल हैं। इसके अलावा, अल्ताफ पुत्र इकरामुद्दीन निवासी हाता कस्बा नौगांवा सादात और शौकीन पुत्र रफीक निवासी सैदपुर इम्मा थाना नौगावां सादात की हिस्ट्रीशीट खोली गई है, जिससे उनकी गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में घायल किसान नेता की उपचार के दौरान मौत, मचा कोहराम

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**बीरेंद्र सिंह/सिंहपुसानी ।** संभल के नखासा थाना क्षेत्र के गांव भदरौला निवासी किसान नेता समरपाल सिंह उर्फ मुलायम सिंह नौ दिन पहले आए तूफान में गंभीर रूप से घायल हो गए थे,उनका उपचार मेरठ के निजी अस्पताल में चल रहा था। ईलाज के दौरान किसान नेता की शनिवार देर शाम को मौत हो गई। किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक असली के संस्थापक सदस्य समरपाल सिंह उर्फ मुलायम सिंह की उपचार के दौरान मेरठ के निजी अस्पताल में मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।समरपाल सिंह नौ दिन पहले आंधी में पेड़ से बाइक टकराने से गंभीर रूप से घायल


मृतक किसान नेता समरपाल सिंह का फाइल फोटो

हुए थे। समरपाल सिंह की 17 अप्रैल की देर शाम बाइक से अपने घर जा रहे थे। गांव फतेहपुर भाऊ के पास स्थित प्रकेटश्वर महादेव मंदिर के पास तेज आंधी में अनियंत्रित होकर समरपाल सिंह की बाइक पेड़ से टकरा गई थी। जिससे गंभीर घायल हो गए थे। शनिवार की देर रात उपचार के दौरान मेरठ के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। भाकियू असली के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी ने बताया कि समरपाल सिंह ने दिल्ली में हुए किसान आंदोलन सहित कई अन्य आन्दोलनो में मुख्य भूमिका निभाई थी। इसी के साथ समरपाल सिंह ने जीवन भर बिना पद लिए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया था।किसान संगठन को हमेशा उनकी कमी खलती रहेगी। रविवार को उनके अंतिम संस्कार में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह, संजीव गांधी, जयवीर यादव, राजपाल यादव, दिलशाद, अर्जुन, दिनेश सिरोही, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बिजली का हैवी करंट बना महाकाल पांच मासूम बच्चों पर टूट कुदरत का कहर

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**गुन्नौर/थाना** धनारी क्षेत्र के गांव धनारी पट्टी लाल सिंह में एक हृदयविदारक हादसे में ई-रिक्शा चालक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में मातम पसर गया। जानकारी के अनुसार, हरि सिंह अपने परिवार का पालन-पोषण ई-रिक्शा चलाकर करता था। इन दिनों उसके मकान का निर्माण कार्य चल रहा था, जिसमें हाल ही में लेंटर डाला गया था। शनिवार सुबह बच्चों ने लेंटर की तराई के लिए छत पर पानी डाला था। शाम को घर लौटने के बाद हरि सिंह यह देखने के लिए छत पर चढ़ गया


मृतक का फाइल फोटो

कि लेंटर पर पानी ठीक से पड़ा है या नहीं। जैसे ही उसने पानी भरे लेंटर पर कदम रखा, वह हाईटेंशन करंट की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि मकान के पास लगे बिजली के पोल से करंट लेंटर में उतर आया था। करंट लगते ही हरि सिंह बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे आनन-फानन में बहजोई के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई बदन सिंह ने बताया कि हरि सिंह ही परिवार का एकमात्र सहारा था। उसके निधन से परिवार पर संकट टूट पड़ा है। वह अपने पीछे तीन बेटियां और दो बेटे छोड़ गया है–विवेक (16), कुमकुम (15), मीनाक्षी (12), भावना (8) और ऋतिक (6)। पिता की मौत के बाद बच्चों के सिर से साया उठ गया है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# बूथ स्तर पर मन की बात का श्रवण पदाधिकारियों ने जागरूकता तेज करने का लिया संकल्प

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**गुन्नौर/बबराला** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के ताजा एपिसोड को रविवार को बबराला मंडल के विभिन्न बूथों पर सामूहिक रूप से सुना गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और कार्यक्रम को गंभीरता से सुना।



श्रवण कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव, सुधीर मल्होत्रा, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशुतोष वार्ष्णेय, मंडल अध्यक्ष योगेंद्र जी और नितिन जी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों पर चर्चा करते हुए उन्हें आमजन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। पदाधिकारियों ने कहा कि ह्यमन की बातह्व आज एक ऐसा मंच बन चुका है, जो समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रेरित करता है। इसमें स्वच्छता, नवाचार, आत्मनिर्भरता और जनसहभागिता जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया जाता है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे इन संदेशों को घर-घर तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें, ताकि समाज में जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम के अंत में संगठन को और मजबूत बनाने तथा जनसेवा के कार्यों को गति देने का संकल्प लिया गया।

# संस्कृत बोर्ड हाईस्कूल में संभल की बेटी को मिला चौथा स्थान, परिजनों में खुशी की लहर

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**बीरेंद्र सिंह/सिंहपुरसानी।** संभल जनपद के गांव सेवड़ा जसरथ नगला निवासी राहुल कुमार की पुत्ती चेष्टा अमरोहा जिले में रहकर संस्कृत की पढ़ाई कर रही है। संस्कृत बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में किसान की बेटी ने


छात्रा चेष्टा, प्रदेश में चौथा स्थान

प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त कर माता पिता व संभल जिले का नाम रोशन किया है। इसी के साथ एक ही संस्थान की कई छात्राओं का टॉप-टेन में जगह पाना विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित कर रहा है। संभल तहसील क्षेत्र के गांव सेबड़ा जसरथ नगला निवासी राहुल कुमार की पुत्री चेष्टा अमरोहा जिले में स्थित श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा में हाईस्कूल की छात्रा है। चेष्टा गुरुकुल में संस्कृत की पढ़ाई कर रही है। शनिवार को जारी हुए रिजल्ट में चेष्टा ने 93.14 प्रतिशत अंक लाकर जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। जिससे गुरुजनों व चेष्टा के परिजनों में खुशी की लहर हैं। अब चेष्टा का सपना प्रशासनिक अधिकारी बनकर सेवा करने का है। बताते चले कि गुरुकुल चोटीपुरा व सनातन धर्म, संस्कृत माध्यमिक विद्यालय अमरोहा और श्री सनातन धर्म संस्कृत विद्यालय गजरौला में कक्षा 10, 11 और 12 के पंजीकृत सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 262 विद्यार्थी सफल घोषित हुए हैं। चेष्टा ने चौथा व इसी संस्थान के इंटरमीडिएट में संस्कृति ने 85.43 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा और हिमांशी (84.43 प्रतिशत) के साथ आठवां, काम्या (84.29 प्रतिशत के साथ नौवां, सारिका कमल ने (84.21 प्रतिशत) लाकर दसवां स्थान प्राप्त किया। एक ही संस्थान की कई छात्राओं का टॉप-टेन में स्थान पाना विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाणित कर रहा है। इसी के साथ इस उपलब्धि को जनपद व प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताया जा रहा है।

### मेहनत लाई रंगः हाथरस की राधिका चौधरी ने हाई स्कूल में जिले में पाया नौ वां स्थान

**अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल**
**हाथरस।** जनपद की मेधावी छात्रा राधिका चौधरी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर हाई स्कूल परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए पूरे जिले में 9वां स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से उनके परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। बाला पट्टी निवासी राधिका चौधरी, लालता प्रसाद की पुत्री एवं पातीराम की पौत्री हैं। वह वर्तमान में सेठ हरिचरनदास बालिका इंटर कॉलेज, हाथरस की छात्रा हैं। राधिका ने प्रारंभिक शिक्षा से ही पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और निरंतर मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। विद्यालय के शिक्षकों ने राधिका की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी लगन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि राधिका भविष्य में भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएंगी। उधर, परिवार में भी खुशी का माहौल है। परिजनों ने मिठाई खिलाकर राधिका की सफलता का जश्न मनाया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्र के लोगों और शुभचिंतकों ने भी राधिका को बधाई देते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया है।

# भारतीय जनता पार्टी महिला कार्यकर्ताओ ने पदयात्रा निकाल कर जोरदार प्रदर्शन किया

**विपक्ष का फुंका पुतला**
**दैनिक बुलंद मंज़िल / अजयपाल यादव**
**बदायूं**/सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में विपक्ष द्वारा किए गए असहयोग के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकताओं ने सहसवान नगर में जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। और विपक्ष का पुतला फूंका।। माहेश्वरी होस्टल कंपाउंड में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान महिला कार्यकताओं ने पदयात्रा निकालते हुए विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी की तथा उनका पुतला दहन कर अपना







आक्रोश व्यक्त किया।कार्यक्रम का संयोजन व संचालन नेहा गुप्ता माहेश्वरी (जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा, बदायूँ) द्वारा किया गया।इस अवसर पर अतिथिगण श्रीमती सीमा राठौर (जिला उपाध्यक्ष, भाजपा), श्रीमती आरती कश्यप (जिला मंत्री, भाजपा) ने कार्यक्रम को संबोधित किया । श्रीमती सीमा सक्सेना (नामित सभासद), श्रीमती राजबाला शाक्य (नगर अध्यक्ष, महिला मोर्चा) उपस्थित रहीं।एवं श्रीमती निशा यादव जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, किंतु विपक्ष द्वारा इसका विरोध दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं से एकजुट होकर इस अधिनियम के समर्थन में आगे आने का आान किया। विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता है , और विपक्ष महिला को चूल्हे और घूंघट तक सीमित देखना चाहता है।। कार्यक्रम में द्रौपा देवी, निशा,मेहनाज,दिव्या एवम बड़ी संख्या में महिला कार्यकताओं की सहभागिता रही।

# निहाल विहार में धमकी कांड! हिंदू मोर्चा के अध्यक्ष को फोन पर सर तन से जुदा की धमकी

**अज्ञात नंबर से लगातार कॉल 112 पर शिकायत, PCR मौके पर**

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**अयूब खान**
**दिल्ली/हिंदू** मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक मलिक को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सर तन से जुदा जैसी गंभीर जान से मारने की धमकी दी गई है। यह धमकी फोन कॉल के माध्यम से दी गई, जिससे उनके परिवार और समर्थकों में चिंता का माहौल है।



दीपक मलिक लंबे समय से सामाजिक एवं कानूनी स्तर पर कार्य करते हुए उन मामलों में सक्रिय रहे हैं, जिनमें हिंदू समाज की बच्चियों को कथित लव जिहाद के मामलों से बचाने, उनके परिवारों को कानूनी सहायता प्रदान करने तथा संदिग्ध और देश-विरोधी गतिविधियों की जांच की मांग उठाने जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसी कारण वे लगातार असामाजिक तत्वों के निशाने पर रहते आए हैं। घटना के बाद संबंधित पुलिस प्रशासन को सूचित कर दिया गया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हिंदू मोर्चा का कहना है की धमकी देने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की धमकियां न केवल एक व्यक्ति की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं, बल्कि समाज में भय का वातावरण भी उत्पन्न करती हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे कानून-व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। हिंदू मोर्चा ने यह भी स्पष्ट किया है कि वे समाज सेवा और कानूनी सहायता के अपने कार्यों को जारी रखेंगे और किसी भी प्रकार की धमकी से डरने वाले नहीं हैं।

# बोलेरो की टक्कर से युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**बीरेंद्र सिंह/सिंहपुसानी।** संभल के नखासा थाना क्षेत्र के संभल हसनपुर मार्ग पर गांव फतेहपुर देव में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बोलेरो कार की टक्कर से दिव्यांग कासिम गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह करीब पांच फीट हवा में उछलकर सड़क पर गिर पड़ा।जानकारी के मुताबिक, ग्राम फतेहपुर देव निवासी कासिम पुत्र रफीक अपने घर के सामने सड़क पार कर पास की दुकान पर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई है। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। तुरंत परिजनों को सूचना दी गई और 108 एंबुलेंस को बुलाया गया। घायल कासिम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बोलेरो चालक को मौके पर ही पकड़ लिया और वाहन समेत पुलिस के हवाले कर दिया।परिजनों के अनुसार कासिम पहले से ही दिव्यांग है। करीब तीन साल पहले एक अन्य दुर्घटना में उसका एक हाथ कट चुका था। इस नई घटना के बाद परिवार में गहरी चिंता और सदमे का माहौल है। सूचना मिलने पर नखासा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बोलेरो वाहन को भी कब्जे में लेते हुए मामले की जांच कर दोषी चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।ग्रामीणों ने इलाके में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

# घर-घर पहुंचे बीएसए सचिन कसाना, 20 बच्चों का कराया स्कूल में दाखिला

**दैनिक बुलंद मंज़िल /उप जिला प्रभारी मौहम्मद फैजान**
**बिजनौर।** परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से बीएसए सचिन कसाना ने खुद मोर्चा संभालते हुए घर-घर जाकर बच्चों के दाखिले कराए। इस अभियान के तहत करीब 20 बच्चों का परिषदीय स्कूलों में नामांकन कराया गया। शनिवार को बीएसए ने नवाब का अहाता, मुकरपुर खेमा, शहबाजपुर खाना और लड़ूपुरा क्षेत्रों में पहुंचकर अभिभावकों से मुलाकात की तथा उन्हें बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को विद्यालय भेजने और सरकारी स्कूलों की सुविधाओं का



लाभ उठाने की अपील की। अभियान के दौरान नवाब का अहाता में 9 तथा लड़ूपुरा में 11 बच्चों का दाखिला कराया गया। बीएसए सचिन कसाना ने कहा कि एक भी बच्चा शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना विभाग की प्राथमिकता है। इस दौरान नगर शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत गिरि, हेमेन्द्र सिंह समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# खडगरानी में एक माह से ठप सफाई व्यवस्था, जलभराव से बढ़ा बीमारी का खतरा





**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**अमरोहा।** गंगेश्वरी विकासखंड क्षेत्र के गांव खडगरानी में पिछले एक महीने से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। गांव में नियमित सफाई कार्य न होने के कारण जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे खराब स्थिति जितेंद्र के घर से लेकर विजयपाल के घर तक जाने वाले मुख्य रास्ते की है, जहां जलभराव और कूड़े का अंबार बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। रास्ते पर जमा गंदा पानी और सड़ता कचरा न केवल आवागमन में बाधा बन रहा है, बल्कि संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी लगातार बढ़ा रहा है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और अधिक चिंताजनक बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का डर सताने लगा है। वहीं, बदबू के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने और जलनिकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई न होने पर वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# ग्लोबल एनवायरमेंट वीक पर लायंस क्लब ने चलाया जागरूकता अभियान, छात्रों को बांटे जूट बैग व पौधे

**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** लायंस क्लब मुरादाबाद सम्राट द्वारा शनिवार को मिलन विहार स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में ग्लोबल एनवायरमेंट वीक के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय में 50 पौधे गमलों सहित लगाए गए तथा No Plastic, No Poly Bag के संदेश के साथ 100 छात्र-छात्राओं को जूट के बैग वितरित किए गए लायन सचिव मनीष गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व, प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान, जल एवं ऊर्जा बचत की आवश्यकता पर विस्तार से



जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य नारा Say No Poly Bag, No Plastic, Save Water, Save Plant, Plant More Trees रहा, जिसे छात्रों ने उत्साहपूर्वक अपनाने का संकल्प लिया इस दौरान लायन अंकुर गोयल ने कक्षा 6 के छात्र तेजस कुमार की एक वर्ष की पढ़ाई का खर्च वहन करने की घोषणा की, वहीं कक्षा के ही लब कुमार को भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया और भविष्य में सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। लायन विनायक गर्ग ने एक छात्रा की ड्रेस की व्यवस्था कर सराहनीय योगदान दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन विनीत रस्तोगी ने की, जबकि संचालन मनीष गुप्ता ने किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या संगीता सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा व्यवस्थापक सार्थक रस्तोगी ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन के लिए लगभग 30 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं को किया जागरूक, सुरक्षा व अधिकारों की दी जानकारी

**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद में मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर चौपाल व पुलिस की पाठशाला लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान महिला एवं बच्चों से जुड़ी समस्याओं, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर





लैंगिक उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध समेत महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध होने वाले अपराधों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम में विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, साइबर हेल्पलाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा 102 व एम्बुलेंस सेवा 108 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क तथा राष्ट्रीय व राज्य महिला आयोग के बारे में भी जानकारी दी गई पुलिस द्वारा जनपद के सभी थानों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाकर महिलाओं व छात्राओं को सुरक्षा के प्रति सजग किया जा रहा है।

# मुरादाबाद GRP पुलिस की तत्परता से बची परीक्षार्थी की जान

## रेलवे स्टेशन पर बेहोश हुए युवक को पुलिस ने तत्काल पहुंचाया अस्पताल, समय पर इलाज से मिली राहत

**बुलन्द मंज़िल आसिम खान**

**मुरादाबाद** रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब लिखित परीक्षा देने आए एक परीक्षार्थी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार 25 अप्रैल 2026 को आयोजित परीक्षा के दौरान अत्यधिक गर्मी और भीड़ के चलते परीक्षार्थी दीपचंद (27 वर्ष), निवासी उसावां थाना सासनी, जिला हाथरस, बड़ा पंखा हॉल में अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा घटना की सूचना मिलते ही थाना जीआरपी मुरादाबाद के प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत कार्रवाई की। उपनिरीक्षक जयचंद और अन्य





पुलिसकर्मियों ने बिना समय गंवाए बेहोश युवक को गोद में उठाकर बाहर निकाला और सरकारी वाहन से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया डॉक्टरों के अनुसार युवक की पल्स काफी धीमी हो गई थी और यदि समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जाता तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। समय रहते इलाज मिलने से उसकी जान बच गई इस सराहनीय कार्य के लिए रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने पुलिस टीम की जमकर प्रशंसा की। स्वस्थ होने के बाद परीक्षार्थी दीपचंद ने भी थाना जीआरपी पहुंचकर पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही पुलिस द्वारा उसे भोजन-पानी उपलब्ध कराकर सकुशल रवाना किया गया सराहनीय भूमिका निभाने वाली टीम : प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार वशिष्ठ, उपनिरीक्षक जयचंद, उपनिरीक्षक नसीरुद्दीन, हेड कांस्टेबल दीपक बरौटी, कांस्टेबल आरती सिंधु व अन्य पुलिसकर्मी। जीआरपी मुरादाबाद की इस तत्परता और मानवता भरे कदम ने एक बार फिर पुलिस की संवेदनशील छवि को मजबूत किया है।

# जिमों में बढ़ती अनियमितताओं के खिलाफ शिवसेना चलाएगी अभियान





**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद** शिवसेना जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में आज पीतल नगरी में शिवसेना पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और युवाओं को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान युवाओं में संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से संस्कार अभियान चलाने की योजना भी तैयार की गई बैठक में जिला प्रमुख ने शहर के जिमों में बढ़ रही कथित अनियमितताओं, युवतियों एवं महिलाओं के शोषण, अश्लील व्यवहार और ब्लैकमेलिंग की घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि शिवसेना ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिमों के खिलाफ सख्त अभियान चलाएगी और जरूरत पड़ने पर प्रशासन से भी कार्रवाई की मांग करेगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमल सिंह राव, मुदित उपाध्याय, शिबू पांडे, अरुण ठाकुर, जीतू भाई, विशाल सैनी, राजीव राठौर, प्रमोद राजपाल, विशाल विक्की कश्यप, जितेंद्र पासी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# AHP के निशुल्क चिकित्सा शिविर में 423 मरीजों को मिला लाभ, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी सेवाएं

**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद (AHP) इंडिया हेल्थ लाइन, महानगर मुरादाबाद के तत्वावधान में रामपुर रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय, रामनगर माजरा में रविवार को विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया शिविर में कुल 423 से अधिक मरीजों का निशुल्क परीक्षण कर उन्हें परामर्श एवं दवाएं वितरित की गईं। इसमें 242 मरीजों की ईसीजी जांच, 126 लोगों की शुगर जांच तथा 145 मरीजों का रक्तचाप (बीपी) परीक्षण किया गया शिविर में शहर के विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं, जिनमें डॉ. नितिन बत्रा (जनरल







फिजिशियन), डॉ. ए.के. गोयल (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. विनम्र गुप्ता (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. अंकित अग्रवाल (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. अभिजीत सिन्हा (ईएनटी विशेषज्ञ) एवं डॉ. चंचल गुप्ता (स्त्री रोग विशेषज्ञ) शामिल रहे। सभी चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह दी कार्यक्रम के दौरान अल्ढ महानगर अध्यक्ष सुरेश जी ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और संगठन का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।इस अवसर पर वंदना शर्मा (प्रदेश अध्यक्षा, राष्ट्रीय महिला परिषद), पवित्रा शर्मा (विभाग अध्यक्ष), शरद रस्तोगी (राष्ट्रीय बजरंग दल अध्यक्ष), विजय शर्मा (महामंत्री), दीपांशु सैनी (ग्राम अध्यक्ष) सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा अभिषेक श्रीवास्तव, इशांक भारद्वाज, दिशांत सैनी, जतिन प्रजापति, सुशांत गुप्ता, शिवम, अजय, राकेश, राहुल सैनी, अरुण सैनी, आकाश सैनी, अमन सैनी, विनोद सैनी, गौरव सैनी सहित अनेक कार्यकताओं ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग दिया स्थानीय लोगों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि एक ही स्थान पर विभिन्न रोगों के विशेषज्ञों द्वारा जांच और निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है।

# मुरादाबाद में 26 अप्रैल को भव्य पासिंग आउट परेड, नवप्रशिक्षित आरक्षी बने पुलिस परिवार का हिस्सा







**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद स्थित रिजर्व पुलिस लाइन्स के परेड ग्राउंड में रविवार को नवप्रशिक्षित आरक्षियों की दीक्षांत/पासिंग आउट परेड भव्यता और उत्साह के साथ आयोजित की गई। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद सभी रिक्रूट आरक्षी औपचारिक रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बन गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) राजीव सभरवाल रहे। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर मार्च-पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद सहित कई पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में नव आरक्षियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से उनके जीवन में जिम्मेदारी भरे नए अध्याय की शुरूआत हो रही है समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा लाइव प्रसारण के माध्यम से भी नव आरक्षियों को संबोधित कर शुभकामनाएं दी गईं परेड में प्रशिक्षु आरक्षियों ने अनुशासन, समन्वय और शानदार ड्रिल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परेड का नेतृत्व प्रथम कमांडर राहुल शर्मा ने द्वितीय कमांडर शुभम मान और तृतीय कमांडर तनेश कुमार के साथ किया कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी नव आरक्षियों को भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा, कानून पालन, जनसेवा और राष्ट्र की अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई सम्मान समारोह में इनडोर (लिखित परीक्षा) में अनुज, आउटडोर (ड्रिल) में दिग्विजय चौधरी तथा सर्वांग उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गौरव कुमार को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षक, आरक्षियों के परिजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नव नियुक्त जवानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कर्तव्य निभाने की प्रेरणा दी।

# स्क्रैप यार्ड में लगी आग पर दमकल ने पाया काबू, बड़ा हादसा टला

## तीन फायर टेंडरों की मदद से बुझाई आग, समय रहते टली जनहानि

**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पाकबड़ा थाना क्षेत्र के कैलसा रोड स्थित एक स्क्रैप यार्ड में रविवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते कार्रवाई होने से एक बड़ा हादसा टल गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई जानकारी के अनुसार, स्क्रैप यार्ड में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग सक्रिय हो गया और तत्काल फायर टेंडर घटनास्थल के लिए रवाना किए गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ.





राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशन में अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया।दमकल विभाग की टीम ने तीन फायर टेंडरों की मदद से आग बुझाने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के साथ कुछ ही समय में आग को नियंत्रित कर लिया गया, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आग फैलने का खतरा टल गया स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग की तत्परता की सराहना की। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है, जिसकी जांच की जा रही है।

# NH-9 पर डबल डेकर बस पलटी, 20 घायल; बाल-बाल बचे 70 यात्री







**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद** जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र स्थित NH-9 पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सीतापुर से दिल्ली जा रही एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस में करीब 70 यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि चलती बस में ड्राइवर बदलने के दौरान कंडक्टर बस को हैंडओवर कर रहा था, तभी बस अनियंत्रित हो गई। बस पहले एक खंभे से टकराई और उसके बाद सर्विस रोड पर पलट गई घटना की सूचना मिलते ही मूंढापांडे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर यात्रियों को बस से बाहर निकाला। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां करीब 20 घायलों का उपचार किया जा रहा है मौके पर पहुंचे एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राहत की बात यह रही कि सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# एसडीएम सदर रीतू रानी ने गो संरक्षण केन्द्रों का किया निरीक्षण

## पशुओं की संख्या में गड़बड़ी पर मांगा स्पष्टीकरण, व्यवस्थाएं मिली संतोषजनक

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर।** शनिवार को एसडीएम सदर रीतू रानी ने छाछरी टीप वृहद गो संरक्षण केन्द्र सहित विभिन्न गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक पशु मृत मिला, जबकि भूसे की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई। निरीक्षण के दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा पशुओं की संख्या कम बताई गई, जबकि मौके पर 170 पशु मौजूद मिले। इस पर एसडीएम ने उनसे स्पष्टीकरण तलब किया। इसके बाद एसडीएम ने अस्थायी गो आश्रय स्थल किनान उर्फ माड़ी तथा ननुपुरा का भी



निरीक्षण किया। किनान उर्फ माड़ी में 200 पशु पाए गए। वहीं ननुपुरा में भी पशुओं की संख्या को लेकर गड़बड़ी सामने आई। निरीक्षण के दौरान पशुओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था सही पाई गई तथा गोशालाओं की स्थिति संतोषजनक मिली। एसडीएम सदर ने अधिकारियों को चारागाह चिन्हित करने, पर्याप्त भूमि पर हरा चारा उगाने, स्वच्छ पेयजल, बिजली, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अरविंद सक्सेना पहले थे चौकी इंचार्ज, अब बने थाना इंचार्ज, आखिर क्यों? क्या क्षेत्र में बेहतर बनेगी कानून व्यवस्था, या खड़े होगे सवाल

### -एसपी ने किए तबादले, चार निरीक्षक और पांच उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले,

**अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया था। लेकिन कानून व्यवस्था बेहतर की बजाय गड़बड़ दिखाई दे रही है। हाल ही में चौकी की जिम्मेदारी संभाल रहे उपनिरीक्षक अरविन्द सक्सेना को थाना अध्यक्ष बना दिया है। मुरसान कोतवाली का क्षेत्र बड़ा है। पूर्व में भी पुलिस पर सवाल खड़े हुए थे। हालांकि जिले में थ्री स्टार इंस्पेक्टर तैनात है जो अपने आप में काबिलियत है। लेकिन मुरसान थाना चलाना राम भरोसे जैसे प्रतीत हो रहा है। इस तबादला सूची में चार निरीक्षक और पांच उपनिरीक्षक शामिल हैं, जिनके कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है।



जारी आदेश के अनुसार, चंदपा में तैनात अपराध निरीक्षक जयप्रकाश को सादाबाद का अपराध निरीक्षक बनाया गया है। वहीं सादाबाद में कार्यरत नदीम असगर को सम्मन सेल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। निरीक्षक अवधेश कुमार को वाचक अपर पुलिस अधीक्षक से हटाकर प्रभारी लोक शिकायत प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी क्रम में मुरसान कोतवाली के प्रभारी वीरेंद्र प्रताप गिरी को प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ बनाया गया है। उपनिरीक्षकों में अरविंद कुमार को आगरा रोड चौकी प्रभारी (थाना सदर कोतवाली) से हटाकर मुरसान कोतवाली का थाना अध्यक्ष बनाया गया है। सुनील कुमार वर्मा को लोक शिकायत प्रकोष्ठ से स्थानांतरित कर वाचक अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। सत्यपाल यादव को पुलिस लाइन से आगरा रोड चौकी (सदर कोतवाली) का प्रभारी बनाया गया है। यदुनाथ सिंह को देदामई चौकी (थाना सासनी) से हटाकर मेंडू गेट चौकी (कोतवाली) का प्रभारी बनाया गया है। वहीं देवेंद्र पाल सिंह को मुरसान थाना से स्थानांतरित कर देदामई चौकी (थाना सासनी) का प्रभारी नियुक्त किया गया है। अचानक किए गए इन तबादलों से पुलिस विभाग में हलचल तेज हो गई है और इसे कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# जरौली में नवनिर्मित रामलीला मैदान का भव्य लोकार्पण, डॉ. विकास शर्मा की उपस्थिति से बढ़ी गरिमा

### -ग्रामीणों में उत्साह, सांस्कृतिक पहचान को मिलेगी नई दिशा

**अनिल चौधरी/ बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** तहसील सासनी के ग्राम जरौली में आज नवनिर्मित रामलीला मैदान का भव्य लोकार्पण बड़े उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी डॉ. विकास शर्मा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ब्लॉक प्रमुख अर्जुन सिंह, भाजपा जिला महामंत्री हाथरस रुपेश उपाध्याय एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष सासनी भाजपा राजकुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।



इस अवसर पर कोमल सिंह तोमर, बबलू कौशिक, राकेश गुप्ता, मुकेश चौधरी (प्रधान पति), विजय चौधरी, छीतरमल चौधरी और राजकुमार चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बेबी चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि यह रामलीला मैदान गांव की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देगा तथा परंपराओं को और मजबूती प्रदान करेगा।

मुख्य अतिथि डॉ. विकास शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला मैदान केवल एक आयोजन स्थल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह मंच गांव में आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक चेतना को और सशक्त करेगा। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी आगंतुकों का आभार जताया। यह आयोजन ग्राम जरौली के विकास और सांस्कृतिक पहचान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# हाथरस में भाजपा का महिला सम्मेलन नारी शक्ति स्वाभिमान पर विपक्ष को घेरा, बेबी रानी मौर्य का तीखा हमला

### -कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी हुए शामिल

**अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** श्रीकृष्ण गौशाला में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति स्वाभिमान, विपक्ष ने किया अपमान विषय पर जन आक्रोश महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं जिला प्रभारी तथा कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य रहीं। उनके साथ महिला आयोग सदस्य रेनू गौड़, सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, सांसद अनूप प्रधान, सिकंद्राराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाहा तथा क्षेत्रीय मंत्री डोली माहौर सहित कई वरिष्ठ नेता मंच पर मौजूद रहे।



**विपक्ष पर साधा निशाना :**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर विपक्ष ने महिलाओं का अपमान किया है। उनके अनुसार कुछ राजनीतिक दल नहीं चाहते कि गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग की महिलाएं आगे बढ़कर राजनीति और समाज में अपनी पहचान बनाएं।

**केंद्र सरकार की योजनाओं का किया उल्लेख :**

मंत्री मौर्य ने केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान भारत योजना प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने महिलाओं को न केवल राहत दी है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है।

**भाजपा की नीतियों को बताया महिला हितैषी :**

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां हमेशा से महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और निर्णय लेने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से रही हैं, जबकि विपक्ष केवल विरोध की राजनीति करता है।

**महिलाओं से किया मतदान का आान :**

मंत्री ने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और आने वाले चुनावों में भाजपा के पक्ष में मतदान कर विकास और सशक्तिकरण की इस प्रक्रिया को और मजबूत करें।

**महिलाओं ने लिया संकल्प :**

कार्यक्रम के अंत में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने महिला सम्मान और सशक्तिकरण के समर्थन में एकजुट होकर संकल्प लिया। पूरे आयोजन में उत्साह और राजनीतिक जोश का माहौल देखने को मिला।

# श्रद्धालु की कार से जेवर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

### सखी बनकर भीड़ में श्रद्धालुओं से करते थे उगाही

**बुलंद मंजिल / जहीर आलम**

**वृंदावन-संत** प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने आए श्रद्धालु की कार से गहने और नकदी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी हुआ पर्स, उसमें रखीं सोने की चेन, अंगूठी, पायल, मोबाइल फोन बरामद हुआ है। आरोपी सखी भेष धरकर श्रद्धालुओं से उगाही करते थे और मौका पाकर ऐसी घटनाओं को अंजाम देकर निकल जाते।



विदित रहेकि कासगंज के भाऊपुरा निवासी सुरजीत भदोरिया बीती 16 सितंबर को अपनी पत्नी के साथ प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने वृंदावन आए थे। इस बीच नंदनवन कट के पास खड़ी उनकी कार से अज्ञात चोर कीमती सामान से भरा पर्स चोरी कर ले गए। जिसमें मंगलसूत्र, सोने की चेन, अंगूठी, चांदी की पायल, पांच हजार रु की नगदी और एक मोबाइल फोन था। घटना की जांच में जुटी पुलिस ने शुक्रवार रात वराह घाट से सुनरख जाने वाले कच्चे मार्ग से चोरी के आरोप में मथुरा के बिरला मंदिर के निकट मोहन नगर निवासी रिंकू पुत्र भिखारी और उसके छोटे भाई अजय को गिरफ्तार किया है।

उपनिरीक्षक अवधेश कुमार ने बताया आरोपियों के कब्जे से चोरी का पर्स, एक सोने की चेन, अंगूठी, एक जोड़ी पायल, और वीवो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। आरोपी सखी के भेष में घूमकर दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं से उगाही करते थे। इनके खिलाफ कार्रवाई कर कोर्ट भेज दिया है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडे, उपनिरीक्षक अवधेश कुमार, मुख्य आरक्षी जिनेंद्र कुमार, रितेश कुमार, आरक्षी नितिन कुमार थे।

# जीजा की जिद से बिगडी बात, बिना दुल्हन लौटी बारात

### -दूल्हे की जीजा, बहन के नाराज होने पर दूल्हे ने शादी से मना किया

**बुलंद मंजिल /प्रदीप अग्रवाल**

**मथुरा।** मांट थाना क्षेत्र स्थित राया रोड पर बने एसडी ग्रांड पैलेस होटल में शनिवार रात एक शादी समारोह के दौरान कमरे को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि आखिरकार बरात बिना दुल्हन के लौट गई। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से रिश्ता खत्म कर दिया। नगला सुदामा निवासी पुत्री का विवाह लक्ष्मीनगर निवासी युवक के साथ तय हुआ था। लड़का भारतीय सेना में कार्यरत है। शादी समारोह पूरे उत्साह और धूमधाम से चल रहा था। नाश्ता और दावत के बाद मंच पर फोटो शूट का कार्यक्रम जारी था। इसी दौरान दूल्हे की बहन ने होटल में अपने लिए एक कमरे की मांग की। कमरे की व्यवस्था को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। इसके बाद नाराज होकर दूल्हे की बहन अपने पति के साथ लक्ष्मीनगर लौट गई। इससे दूल्हा भी नाराज हो गया और उसने बहन-बहनोई के बिना फेरे लेने से इनकार कर दिया। मामला बढ़ने पर सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। रविवार तड़के चार बजे तक विवाद चलता रहा, जिसके बाद पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। वहां कई घंटों तक वार्ता चली। सुबह 10 बजे पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों ने शादी में हुए खर्च का हिसाब-किताब कर आपसी लेनदेन निपटाया और रिश्ता समाप्त करने पर सहमति बना ली। इसके बाद बरात बिना दुल्हन के बैरंग लौट गई। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# हाथरस में 390 आरक्षियों की पासिंग आउट परेड, नई ऊर्जा के साथ पुलिस सेवा में शामिल

### -मुख्य अतिथि आशीष तिवारी ने ली सलामी, उत्कृष्ट कैडेट हुए सम्मानित

**अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को दीक्षांत परेड (पासिंग आउट परेड) समारोह 2025-26 का भव्य आयोजन किया गया। परेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 390 प्रशिक्षु आरक्षी सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण कर पुलिस सेवा में शामिल हुए। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक (तकनीकी सेवाएं) आशीष तिवारी रहे, जिन्होंने परेड की सलामी ली और प्रशिक्षुओं के प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह परेड कमांडर द्वारा टुकड़ियों को परेड स्थल पर लाने के साथ हुआ। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर आरक्षियों की वर्दी, अनुशासन और तालमेल की प्रशंसा की। प्रशिक्षुओं ने शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। समारोह के दौरान ड्ढ्र अ३ि८ल्लंइँ के संबोधन का लाइव प्रसारण भी किया गया। उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त बनने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि आशीष तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु आरक्षियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। सर्वांग सर्वोत्तम कैडेट का पुरस्कार पवनीश कुमार को मिला, जबकि आंतरिक विषयों में दीपांशु और बाह्य विषयों में जौनी चौहान प्रथम रहे।







अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास कायम करना भी है। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने आरक्षियों को सेवा में अनुशासन, विनम्रता और जिम्मेदारी बनाए रखने की सलाह दी। प्रशिक्षण के दौरान आरक्षियों को शारीरिक दक्षता, ड्रिल, कानून, अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और आधुनिक तकनीकी उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद नवआरक्षियों ने देश की एकता, अखंडता और संविधान की रक्षा करने की शपथ ली। कार्यक्रम में मौजूद परिजनों ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता की सराहना करते हुए गर्व और खुशी व्यक्त की।

# बडा खतरा: सूख रही धतरी की कोख, न प्रशासन गंभीर न जनता

### -रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर एमवीडीए सुस्ती

**प्रदीप अग्रवाल / बुलंद मंजिल**

**मथुरा।** बडे खतरे से जानबूझकर अनजान बनने की कोशिश की जा रही है। समस्या दिन प्रतिदिन जटिल होती जा रही है। भू गर्भीय जल लगातार दूषित हो रहा है और नीचे खिसक रहा है। अभी अप्रैल का महीना चल रहा है। दो महीने बाद मानसून की संभावित दस्तक होगी। अभी से पोखर, तालाब, जलाशय सूखने लगे हैं। भूगर्भीय जल का दूषित होना मानव जीवन के लिए बड़ा खतरा बन गया है। लोग आरओ के पानी के सहारे जीने का अभिशाप झेल रहे हैं। धरती की कोख सूख रही है। भूगर्भीय जल स्तर लगातार नीचे खिसक रहा है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर न जनता गंभीर है और नहीं अधिकारी। एमवीडीए की सुस्ती भी भारी पड रही है। अब मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण ने 194 भवन स्वामियों को 2.51 करोड की धनराशि के नोटिस जारी किये हैं। इन में कई नामी गिरामी बिल्डर द्वारा डेवलप की गईं कंपनियां भी शामिल हैं। निर्माण पूरे हो गये और भवन आवंटन तक हो गया लेकिन रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की न एमवीडीए ने टोह ली और नहीं भवन स्वामियों और कॉलोनाइजर ने इसे गंभीरता से लिया। एफडीआर के रूप में जब्त किए गए 2.51 करोड़ से अब विप्रा इंजीनियर संबंधित भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का प्लांट लगवाएंगे। इसमें बड़े कालोनाईजर एमपी इंफ्रा स्टेक्रर, एमएल अरोड़ा, राधावेली श्री ग्रुप, देवेश इंफ्रा स्टेक्रर आदि निजी लोग भी शामिल हैं। कुछ समय के दौरान 466 प्लाट पर भवन स्वामियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग का प्रावधान करने की शर्त पर भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की इसके लिए एफडीआर भी जमा कराई जाती है। जुलाई 2024 में विकास प्राधिकरण के तत्कालीन सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी ने संबंधित भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए थे। इस पर भी 164 भवन स्वामियों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर सचिव के नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया।

# 16 दिन में ही बिसार दिया 16 मौतों का गम, यमुना में सुरक्षा की फिर उठी मांग

### -यमुना में मिला युवक का शव, सिर हाथ पर चोट के निशान मिले, हत्या की आशंका

**बुलंद मंजिल / प्रदीप अग्रवाल**

**मथुरा।** 10 अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे यमुना में वृंदावन पर पेंटून पुल के पास पंजाब से आये श्रद्धालुओं की नाव पलटने से हुए दर्दनाक हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई थी। 26 अप्रैल को मथुरा में विश्राम घाट के पास युवक का शव मिलने से एक बार फिर यमुना में सुरक्षा की मांग उठी है। 10 अप्रैल के हादसे के बाद यमुना में चलने वाले नाव और स्टीमर के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसके चलते यमुना में विश्राम घाट पर इक्का दुक्का नाव ही चल रही थी जिससे शव को निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पडी। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना को दुखद बताते हुए मांग की कि यमुना में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस को नियमित पेट्रोलिंग की व्यवस्था करनी चाहिए। रिवर पुलिस की भी मांग की गई है। राजन पाठक ने कहा कि यमुना के घाट रमणीय हैं लेकिन यह कई बार अराजक तत्वों की गतिविधियों के केन्द्र भी बन जाते हैं। पुलिस को इसे भी गंभीरता से लेना चाहिए और यमुना में यमुना के घाटों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने चाहिए। शहर कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह विश्राम घाट के समीप दाऊजी घाट के सामने यमुना नदी में एक अज्ञात युवक का शव बहता हुआ मिला। शव के सिर और हाथ पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। इससे मामला संदिग्ध लग रहा है। शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। कोतवाली प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष प्रतीत हो रही है। युवक ने पैंट-टीशर्ट पहन रखी थी। प्रथम दृष्टया शव करीब 24 घंटे के भीतर का बताया जा रहा है। पुलिस ने शव की तलाशी ली, लेकिन उसकी पहचान से जुड़ा कोई भी दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# दुकान पर बैठी लड़की का फोटो खींचने से पनपा विवाद, रिपोर्ट



**दैनिक बुलंद मंजिल**

**शाहबाद रामपुर।** मामला कोतवाली क्षेत्र का है जहां बेटी का फोटो वायरल करने वाले युवक व उसके पिता के खिलाफ ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई है । ग्राम गदमर पट्टी थाना शाहबाद निवासी सुखबीर पुत्र जगपाल ने कोतवाली में तहरीर देकर उसकी बेटी का फोटो वायरल करने वाले युवक व उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है बताया जा रहा है कि सुखबीर के अनुसार 25 दिन पूर्व जब उसकी लड़की अपनी ही दुकान पर बैठी हुई थी अचानक गांव के ही गौरव ने उसका फोटो खींचकर फेसबुक पर वायरल कर दिया। मामला जब ग्रामीणों के बीच पहुंचा तब ग्रामीणों ने पंचायत कर आपस में समझौता करा दिया था। परंतु सुखबीर के अनुसार शनिवार की सुबह गौरव अपने पिता जयप्रकाश के साथ उसके घर आया और गाली गलौज देने लगा ।गाली देने से मना करने पर दोनों पिता पुत्रों ने पत्थर बरसाना शुरू कर दिए। इस घटना से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी रोष है। पुलिस ने पिता, पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

थाना समाधान दिवस में समस्याएं सुनते कोतवाल

शाहबाद रामपुर। शनिवार को थाना दिवस कोतवाल प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।जिस दौरान जो समस्याएं प्राप्त हुई उनमें से कुछ का निपटारा तत्काल कर दिया गया जबकि कुछ शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिस दौरान राजस्व विभाग , ग्राम पंचायत विभाग एवं विद्युत विभाग आदि स्टाफ मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नगर अध्यक्ष पर हमला से संगठन में मचा हड़कंप

## कोतवाली शाहबाद में बैठकर मामले को दिया गया समझौते का रूप

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**रामपुर।** मामला उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर के कोतवाली शाहबाद का है जहां शुक्रवार देर शाम विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता उर्फ सोनू निवासी कानून गोयान ने शाहबाद पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें उनका आरोप है कि वह मंदिर जाने के लिए अपने अन्य दोस्तों का कार में बैठे इंतजार कर रहे थे जिस दौरान अचानक से नगर निवासी पंकज उर्फ लाखन निवासी हकीमान ने उनके पास आकर कार का शीशा नीचे उतरवाया और उन्हें गंदी गंदी गालियां देना शुरू कर दी जिस पर शोभित गुप्ता ने मना किया तो कहा कि वह उनके ऊपर एससी एसटी एक्ट का मुकदमा भी दर्ज कराएगा जब इन सभी बातों को शोभित गुप्ता के द्वारा समझाने का प्रयास किया गया तो आरोपी के द्वारा थैली में से धारदार हथियार निकाल उनके ऊपर हमला करने का प्रयास किया गया और जान से मारने की कोशिश भी की गई आनन फानन में शोभित गुप्ता विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नगर अध्यक्ष ने अपनी जान बचाते हुए शाहबाद पुलिस की शरण ली। मामले में संज्ञान लेते हुए शाहबाद पुलिस ने तत्काल से कार्रवाई करते हुए आरोपी पंकज उर्फ लाखन को हिरासत में ले लिया और पीड़ित शोभित गुप्ता की ओर से तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कर लिया। इसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आरोपी से हथियार बरामद नहीं कर पाई थी। वहीं शाहबाद कोतवाल प्रदीप कुमार ने बातचीत में मीडिया को बताया कि मामले की जांच अभी चल रही है। जबकि देर रात मामले में दोनों पक्षों को कोतवाली में बैठक कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक पदों पर कार्यरत पदाधिकारी एवं विश्व हिंदू परिषद के जिम्मेदार पदाधिकारी के द्वारा मामले को पुर्ण विराम दिया गया। इसके बाद एक दूसरे ने गले मिलकर अपने गिले शिकवे दूर किए। और आगे से भविष्य में इस तरीके की कोई हरकत ना हो इसके लिए सभी के सामने क्षमा याचना की। इस दौरान कोतवाल प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल आदित्य कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह पुनीत कुमार चौधरी, नगर कार्यवाह कपिल शर्मा , नगर सह कार्यवाह अमर बरनवाल, संघ चालक उमेश रस्तोगी, विहिप विभाग मंत्री अमृत गौड़, संजीव गुप्ता उर्फ संजू विहिप के जिला मंत्री, रामसेवक शर्मा जिला उपाध्यक्ष विहिप, विभाग सह संयोजक जोगेंद्र सिंह बजरंग दल, अनुभव शर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा आदि की बात को प्राथमिकता देते हुए शोभित गुप्ता विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष ने लिखित समझौते पर सभी वरिष्ठ पदाधिकारी की सहमति पर हस्ताक्षर किए। और मुकदमा वापिस लिया।

# रिजर्व पुलिस लाइन्स में दीक्षांत परेड समारोह 2025-26 का भव्य आयोजन

## लखनऊ की मुख्य अतिथि अपर्णा कुमार संयुक्त पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट ली गयी परेड की सलामी









**दैनिक बुलंद मंजिल**

**रामपुर।** पुलिस लाइनस रामपुर में दिनांकः 21.07.2025 से प्रचलित महिला प्रशिक्षु नागरिक पुलिस का आधारभूत प्रशिक्षण में 590 प्रशिक्षुओं को गहन प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उपरान्त आज दिनांक 26 अप्रैल 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन, जनपद रामपुर के प्रांगण में ह्यदीक्षांत परेड समारोह 2025-26' का अत्यंत गरिमामय और भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस गौरवशाली अवसर पर रिक्रूट महिला आरक्षियों ने अपने कठिन प्रशिक्षण के उपरांत शानदार परेड का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अपर्णा कुमार संयुक्त पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ रहीं । मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सुसज्जित टोलियों का निरीक्षण किया और उनके द्वारा दी गई सलामी स्वीकार की।

मा0 मुख्यमंत्री जी का संबोधन एवं सजीव प्रसारणः-

समारोह के दौरान माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, श्री योगी आदित्यनाथ जी के संबोधन का सजीव प्रसारण (छ५ी इ१ड्ढ्रॅ२३) किया गया। रिक्रूट महिला आरक्षियों ने मुख्यमंत्री जी के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना, जिसमें उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त होने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण विवरण एवं उत्कृष्ट सम्मानः-

इस अवसर पर प्रशिक्षण के अन्तः कक्ष व बाहय विषय की विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को पुरूस्कृत किया गया। बाहय विषय के योग में प्रथम कैडेट नं0-472 रेणूका रानी, अन्तः विषय के योग में प्रथम कैडेट नं0-19 अजंली चतुवेर्दी एवं सर्वांग सर्वोतम कैडेट नं0-392 शिवानी तथा परेड कमाण्डर प्रथम कैडेट नं0-41 आस्था, परेड कमाण्डर द्वितीय कैडेट नं0-351 शारदा पाण्डेय, परेड कमाण्डर तृतीय कैडेट नं0-151 कंचन तथा सर्वश्रेष्ट प्रशिक्षक अध्यापक निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, आई0टी0आई0 आरक्षी ब्रजेश कुमार, पी0टी0आई0 मु0आ0 जगराम सिंह, आर0टी0सी0 मेजर, आई0टी0आई पवन कुमार व उद्दघोषक सुहैल खान को भी पुरस्कृत किया गया।

पद एवं गोपनीयता की दिलाई शपथः-

समारोह के अंतिम चरण में सभी रिक्रूट महिला आरक्षियों को देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के उपरांत टोलियों ने गौरवपूर्ण तरीके से प्रस्थान किया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मुख्य अतिथि महोदया को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुलिस अधि0/कर्म0गण सहित रिक्रूट महिला आरक्षियों के परिवारीजन व भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे ।

# अम्बेडकर जयंती पर सैफनी में भव्य शोभायात्रा, जनसभा में गूंजे समता और सामाजिक परिवर्तन के स्वर





**दैनिक बुलंद मंजिल / सिंहराज सागर**

**सैफनी।** अखिल भारतीय अम्बेडकर संघ शाखा सैफनी के बैनर तले डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पंचायत चेयरमैन फैजान खान द्वारा फीता काटकर लाला गंगाराम के गोदाम से किया गया। यात्रा नगर के विभिन्न मोहल्लों से होती हुई शाम को डॉ आंबेडकर पार्क पहुंचकर जनसभा में परिवर्तित हो गई।शोभायात्रा में डॉ आंबेडकर, गौतम बुद्ध सहित सामाजिक परिवर्तन के महानायकों के जीवन पर आधारित कुल 54 आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। जिन्होंने लोगों को उनके आदर्शों और विचारों से प्रेरित किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूज्यनीय भंते विनाचार्य ने डॉ आंबेडकर और बुद्ध के विचारों को आत्मसात करने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमपी सिंह ने समाज में समानता और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे।संघ के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ हरनन्दन प्रसाद ने अपने संबोधन में बाबा साहब के संघर्षों और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। पूर्व अध्यक्ष परमाल सिंह तथा मुख्य वक्ता एमपी मौर्य ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक एकता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजयपाल सिंह व संचालन राधेश्याम राही ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने अपने विचार रखे और बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।पूरे कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में संध्या बोद्ध, जय प्रकाश सिंह, विजयपाल सिंह, मुन्नालाल एड़, हरपाल सिंह, चन्दन सिंह , शाखा अध्यक्ष एड़ मनोज कुमार,महामन्त्री रामाधार सिंह भारती, रचित सागर, देवराज सिंह, ऋषव राही, रिंकू सागर, राजेश बाल्मीकि, अजीत सागर,अंशु बाल्मीकि, मनदीप सागर, आदि ने विचार रखे।

## मोबाइल पर बात करते ई रिक्शा चलाना पड़ा भारी, गड्ढे में गिरा ई-रिक्शा, एक बुजुर्ग व्यक्ति घायल

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**सैफनी।** जानकारी के मुताबिक संभल जिले के थाना नखासा क्षेत्र के ग्राम बझेड़ा निवासी दीपेन्द्र अपने पिता दौलत सिंह के साथ ग्राम मझरा में एक रिश्तेदारी में शोक सभा में शामिल होने आए थे। लौटते समय दोनों सैफनी में बस स्टैंड की ओर जाने के लिए एक ई-रिक्शा में सवार हुए। आरोप है कि चालक ई-रिक्शा को तेज गति से और मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए चला रहा था। मना करने के बावजूद उसने लापरवाही जारी रखी। जैसे ही रिक्शा नगर में बैरुआ मार्ग पर गौशाला के पास पहुंचा। तभी चालक की लापरवाही से रिक्शा गड्ढे में जा गिरा, जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दीपेन्द्र के पिता रिक्शा के नीचे दब गए, जिससे उनके पैर की हड्डी टूट गई और सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें पहले सैफनी के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने मुरादाबाद के हड्डी विशेषज्ञ के पास रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है।

## मौसी को बनाया हवस का शिकार, भांजे ने बनाया अश्लील वीडियो, ब्लैकमेल कर करता रहा रेप, निकाह तय होते ही तुड़वाया रिश्ता

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** रिश्तों की मयार्दा को तार-तार करने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने अपनी ही मौसी के साथ दरिंदगी की सारी हदें पार कर दीं। पहले नहाते समय अश्लील वीडियो बनाया, फिर उसी के दम पर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता रहा और जब निकाह तय हुआ तो वीडियो दिखाकर रिश्ता तक तुड़वा दिया। थाना सीबीगंज क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी युवक उसका भांजा है और घर में उसका आना-जाना था। करीब दो साल पहले वह चुपके से घर में घुस आया और नहाते समय उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

**नशीली ड्रिंक पिलाकर किया दुष्कर्म, बनाए और वीडियो**

पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने एक दिन उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में उसने दुष्कर्म किया और इस दौरान फोटो व वीडियो भी बना लिए। इसके बाद आरोपी इन वीडियो के जरिए लगातार उसे धमकाता रहा और कई बार शारीरिक शोषण करता रहा।

**डर और बदनामी के साए में सहती रही अत्याचार**

अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी के कारण पीड़िता लंबे समय तक चुप रही। आरोपी इसी डर का फायदा उठाकर बार-बार उसका शोषण करता रहा। परिवार की इज्जत और सामाजिक दबाव के चलते पीड़िता कुछ भी कहने की हिम्मत नहीं जुटा सकी।

**निकाह तय होते ही खोली पोल, तुड़वाया रिश्ता**

इसी बीच पीड़िता का फरीदपुर में रिश्ता तय हुआ और 13 जून को निकाह की तारीख भी निश्चित हो गई। लेकिन आरोपी ने लड़का पक्ष के पास जाकर अश्लील फोटो और वीडियो की जानकारी दे दी, जिससे रिश्ता टूट गया और पीड़िता की जिंदगी पर गहरा असर पड़ा।

निकाह का दबाव बनाता रहा आरोपी, मानसिक उत्पीड़न भी पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उस पर निकाह करने का दबाव बना रहा था। मना करने पर वह वीडियो वायरल करने की धमकी देता था और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। पीड़िता ने थाना सीबीगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश के साथ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# सलामी के साथ मिली सपनों को उड़ान 783 महिला रंगरूट बनीं सिपाही, PAC के 364 जवानों ने भी पहनी वर्दी

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** रविवार की सुबह बरेली पुलिस लाइन में उत्साह, अनुशासन और गर्व का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौ महीने की कड़ी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद 783 महिला रंगरूट पासिंग आउट परेड में सिपाही बनकर पुलिस महकमे का हिस्सा बन गईं। इसी के साथ पीएसी आठवीं बटालियन में 364 प्रशिक्षु रंगरूटों ने भी वर्दी पहनकर सेवा की नई शुरूआत की। परेड मैदान में गूंजते कदमों और सलामी के बीच पूरे माहौल में जोश साफ झलक रहा था।

पुलिस लाइन में आयोजित भव्य परेड के मुख्य अतिथि रमित शर्मा रहे। उन्होंने परेड की सलामी ली और जवानों को कर्तव्य, निष्ठा और अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उनके साथ अनुराग आर्य भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि वर्दी केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का प्रतीक है, जिसे पूरी ईमानदारी से निभाना होगा।

796 ने दी आमद, 783 को मिली तैनाती

आरआई हरमीत सिंह के अनुसार, पुलिस लाइन को 800 महिला रंगरूटों का आवंटन मिला था, जिसमें से 796 ने आमद दर्ज कराई। प्रशिक्षण के दौरान कुछ अभ्यर्थियों ने अन्य सेवाओं में चयन या निजी कारणों से छोड़ दिया। अंततः 783 महिला सिपाहियों को तैनाती मिली, जिनमें 292 को बरेली जिले के थानों में ही नियुक्त किया जाएगा। इससे जिले के हर थाने में औसतन 48 नए सिपाहियों की ताकत बढ़ेगी। पासिंग आउट के बाद मैदान जश्न के रंग में डूब गया। सिर पर पगड़ी, हाथ में सर्टिफिकेट और चेहरे पर गर्व–हर तरफ खुशी ही खुशी नजर आई। महिला सिपाहियों ने अपने माता-पिता के सिर पर पगड़ी रखकर सम्मान जताया, सेल्फी ली और पगड़ी उछालकर सफलता का जश्न मनाया। ज्यादातर रंगरूट गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों से थीं, जिनके लिए यह पल सपनों के सच होने जैसा था।

गर्मी भी नहीं तोड़ पाई हौसला

भीषण गर्मी के बावजूद रंगरूटों का जोश कम नहीं हुआ। परेड के दौरान अनुशासन और तालमेल ऐसा रहा कि हर कदम पर मेहनत और लगन साफ दिखाई दी। नए सिपाहियों ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुओं और परिवार को दिया। वहीं पीएसी आठवीं बटालियन में आयोजित परेड में मोदक राजेश डी राव ने सलामी ली और कमांडेंट आकाश तोमर के साथ निरीक्षण किया। यहां 400 में से 394 रंगरूटों ने आमद दर्ज कराई थी, जिनमें से 364 ने प्रशिक्षण पूरा कर सिपाही का दर्जा हासिल किया। सभी को प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनाती के पत्र सौंपे गए।

# मुंबई से बरेली पीलीभीत तक गर्मियों में चलेगी स्पेशल ट्रेन, अब मैलानी होकर जा सकेंगे सीधे गोरखपुर

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** भीषण गर्मी और बढ़ती यात्रियों की भीड़ के बीच रेल प्रशासन ने बड़ी राहत दी है। मुंबई से बरेली होते हुए गोरखपुर तक चलने वाली विशेष ट्रेन आज से पटरी पर दौड़ेगी। इस ट्रेन के संचालन से रोजाना यात्रा करने वाले हजारों मजदूर, नौकरीपेशा और छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा।

आज से शुरू हुआ संचालन, मुंबई से रात में होगी रवाना

रेल प्रशासन के मुताबिक (09157) बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एकल यात्रा अनारक्षित विशेष ट्रेन का संचालन 26 अप्रैल से शुरू कर दिया गया है। यह ट्रेन Bandra Terminu से रात 00:30 बजे रवाना होगी और बोरीवली होते हुए अगले दिन उत्तर प्रदेश के रूट पर पहुंचेगी।

यह विशेष ट्रेन इंथ्रे''८ सिटी स्टेशन पर 02:30 बजे पहुंचेगी, इसके बाद इज्जतनगर (03:05 बजे), पीलीभीत (04:25 बजे) होते हुए मैलानी के रास्ते गोरखपुर तक जाएगी। इससे





बरेली, पीलीभीत और आसपास के जिलों के यात्रियों को मुंबई के लिए सीधा और सस्ता विकल्प मिलेगा। 19 कोच की ट्रेन, अनारक्षित यात्रा से आम लोगों को राहत इस स्पेशल ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 15 कोच, साधारण द्वितीय श्रेणी के 2 कोच और 2 एसएलआरडी कोच लगाए गए हैं। खास बात यह है कि यह ट्रेन अनारक्षित है, जिससे तत्काल टिकट न मिलने की समस्या से जूझ रहे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। मजदूर, छात्र और व्यापारी वर्ग को बड़ा फायदा गर्मी के सीजन में मुंबई से बरेली और पूर्वांचल की ओर लौटने वाले प्रवासी मजदूरों की संख्या बढ़ जाती है। इस ट्रेन के चलने से हजारों लोगों को भीड़भाड़ से राहत मिलेगी, साथ ही छोटे व्यापारियों और छात्रों को भी कम खर्च में यात्रा का बेहतर विकल्प मिलेगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि गर्मियों में ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह विशेष ट्रेन चलाई गई है। इससे नियमित ट्रेनों पर दबाव कम होगा और यात्रियों को आरामदायक सफर मिल सकेगा।

## युवक से मारपीट व अपहरण के मामले में चार नामजद पर मुकदमा

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के पुराना ललवारा गांव के युवक के साथ मारपीट कर उसे जबरन ले जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह थाना क्षेत्र के ग्राम ललवारा निवासी मस्तान के साथ कुछ लोगों ने रायपुर चौराहे के पास उसकी कार रोककर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इसके बाद हमलावर उसे जबरन उसे कार सहित अपने साथ किशनपुर गांव ले गए और वहां भी मारपीट की। घटना घटना की सूचना पाकर घायल के परिजन पुलिस को साथ लेकर किशनपुर गांव पहुंचे। जहां मस्तान, घायल अवस्था में एक घर में पड़ा हुआ था। हालांकि, पुलिस और परिजनों को देख आरोपी मौके से भाग निकले। परिजन, घायल व कार को लेकर थाने पहुंचे। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में रखे सरकारी पाइपों में लगी भीषण आग, इलाके में मची अफरा-तफरी

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** थाना प्रेमनगर क्षेत्र में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एम.बी. इंटर कॉलेज के मैदान में लगी आग ने सरकारी बिजली और पानी के पाइपों को भी अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग खुद ही आग बुझाने में जुट गए। हालांकि आग की तीव्रता के आगे उनके प्रयास नाकाम रहे। सूचना मिलने के करीब आधे घंटे बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया।

व्यापारी नेता की कॉल के बाद हरकत में आया दमकल विभाग

हालात बिगड़ते देख व्यापारी नेता विशाल मेहरोत्रा ने फायर ब्रिगेड को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। तब तक आग मैदान के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले चुकी थी। आग की लपटें इतनी भयावह थीं कि सरकारी बिजली और पानी के पाइप भी इसकी चपेट में आ गए। इससे इलाके में सप्लाई बाधित होने का खतरा पैदा हो गया। आसपास के लोगों में डर बना हुआ है कि आग और फैल सकती है।

मौके पर जूझती रही टीम, सीएफओ बोले- काबू पाने की कोशिश जारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा के मुताबिक दमकल की टीम लगातार आग पर काबू पाने में जुटी हुई है। आग के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन शुरूआती तौर पर इसे लापरवाही का नतीजा माना जा रहा है। घटना के बाद पूरे प्रेमनगर इलाके में दहशत का माहौल है। लोग घरों की छतों और सड़कों से आग का भयावह मंजर देखते रहे। राहत की बात यह रही कि फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन यह घटना एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर गई है।

# हैजरपुर हत्याकांड में सरकार का बड़ा कदम : राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने पीड़ित परिवार को सौंपे 5 लाख, न्याय का दिलाया भरोसा

## चांदपुर के हैजरपुर गांव पहुंचे मंत्री : 3 लाख और 2 लाख के दो चेक दिए, अधिकारियों को सख्त निर्देश

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**



**चांदपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम हैजरपुर में हुए चर्चित प्रशांत सैनी हत्याकांड के बाद प्रदेश सरकार हरकत में नजर आ रही है। शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास) जसवंत सैनी स्वयं गांव हैजरपुर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मंत्री जसवंत सैनी ने इस दौरान दिवंगत प्रशांत सैनी की पत्नी भारती सैनी को मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष से ?5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह राशि ?3 लाख और 2 लाख के दो चेकों के रूप में सौंपी गई। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारियों को सख्त निर्देश, प्राथमिकता पर मदद का आदेश मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्राथमिकता के आधार पर दी जाए और किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, जिला महामंत्री किसान मोर्चा सुधींद्र चौधरी, जिला मंत्री केशव चौधरी, सांसद प्रतिनिधि सुनील चौधरी, जिला मंत्री तिलक राज सैनी, मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, नवनीत राणा, मोहित अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और अधिकारी मौजूद रहे। पृष्ठभूमिः मामूली विवाद बना मौत की वजह गौरतलब है कि करीब एक माह पूर्व गांव हैजरपुर में मामूली विवाद के चलते प्रशांत सैनी के साथ मारपीट की गई थी। गंभीर रूप से घायल प्रशांत को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया था और परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी व सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया था। मामले ने राजनीतिक तूल भी पकड़ा, जिसके बाद कई जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। पुलिस कार्रवाई और जांच जारी पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। आक्रोश के बीच उठते सवाल सरकार द्वारा आर्थिक सहायता और कार्रवाई के आश्वासन के बावजूद गांव में अब भी गम और आक्रोश का माहौल है।

सबसे बड़ा सवालः

क्या पीड़ित परिवार को पूरी तरह न्याय मिल पाएगा

क्या ऐसी घटनाओं पर भविष्य में रोक लग सकेगी।

# बिजनौर पुलिस में शामिल हुए 500 नए आरक्षी, रिजर्व पुलिस लाइन में भव्य पासिंग आउट परेड संपन्न





**दैनिक बुलंद मंज़िल/उप जिला प्रभारी मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर की रिजर्व पुलिस लाइन में शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती प्रक्रिया 2025 के अंतर्गत आधारभूत प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 500 प्रशिक्षु आरक्षियों की दीक्षांत परेड (पासिंग आउट परेड) का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में शामिल सभी प्रशिक्षु आरक्षियों ने कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं जनसेवा के प्रति समर्पण की शपथ ली। दीक्षांत परेड के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों ने अनुशासन, समर्पण, उत्कृष्ट समन्वय एवं शारीरिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। टोलीवार मार्च पास्ट करते हुए जवानों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी, जिसे देखकर उपस्थित अधिकारी एवं अतिथि गौरवान्वित नजर आए। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद श्री मुनिराज जी रहे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा के साथ संपूर्ण परेड का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके जवानों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने नव नियुक्त आरक्षियों को कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहने, ईमानदारी से कार्य करने तथा जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण अवधि के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित यह पासिंग आउट परेड जनपद पुलिस के लिए गौरवपूर्ण क्षण साबित हुई। प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके नए आरक्षियों के शामिल होने से बिजनौर पुलिस बल को और मजबूती मिलेगी तथा कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग मिलेगा।

# बास्टा में खड़ी कार बनी आग का गोला भीषण गर्मी में धू-धू कर जली, टला बड़ा हादसा

## जिला सहकारी बैंक के पास खड़ी थी कार : कुछ ही मिनटों में राख, लोगों में मचा हड़कंप

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**





**चांदपुर।** थाना चांदपुर क्षेत्र के बास्टा कस्बे में रविवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जिला सहकारी बैंक के पास खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। तेज गर्मी के बीच लगी इस आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार धू-धू कर जलकर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार काफी देर से बैंक के पास खड़ी थी। अचानक उसमें से धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। स्थानीय लोग मौके पर दौड़े और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कोई भी प्रयास कारगर साबित नहीं हुआ। देखते ही देखते राख बनी कार आग ने कुछ ही समय में पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास खड़े लोग भी दूरी बनाकर खड़े हो गए। घटना के दौरान इलाके में हड़कंप मच गया, हालांकि सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई। भीषण गर्मी को माना जा रहा कारण प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण भीषण गर्मी को माना जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक तापमान के कारण वाहनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। कार मालिक की पहचान पर संशय स्थानीय लोगों के अनुसार जली हुई कार किसी मुर्गी फार्म संचालक की बताई जा रही है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस को भी नहीं मिली पूरी जानकारी घटना के संबंध में जब बास्टा चौकी इंचार्ज संदीप पंवार से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि वह मौके पर नहीं हैं और उन्हें घटना की पूरी जानकारी नहीं है। प्रशासनिक तैयारी पर उठे सवाल इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या भीषण गर्मी के दौरान ऐसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं?

सबसे बड़ा सवाल :

क्या समय रहते फायर ब्रिगेड पहुंच पाती तो कार को बचाया जा सकता था

क्या गर्मी में वाहनों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है।

# चांदपुर पुलिस का बड़ा खुलासा : शातिर बाइक चोर गिरफ्तार, 2 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

## नूरपुर नुमाइश से भी उड़ाई थी बाइक, जंगल में छिपाकर रखी थी दूसरी मोटरसाइकिल : मुखबिर की सूचना पर पुलिस को मिली सफलता

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**



**चांदपुर।** थाना चांदपुर पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद कर मामले का खुलासा किया है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 17 अप्रैल 2026 को वादी मौ० अहसान पुत्र सुक्के निवासी ग्राम नूर अलीपुर भगवन्त, थाना कोतवाली देहात, जनपद बिजनौर ने अपनी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर (संख्या वढ 20 इद 31 99) चोरी होने की रिपोर्ट थाना चांदपुर में दर्ज कराई थी। इस संबंध में मुकदमा 0211/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुखबिर की सटीक सूचना से सफलता दिनांक 26 अप्रैल 2026 को थाना चांदपुर पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अंकित पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम नन्हेडा, थाना नहटौर, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद हुई, जिस पर आगे नंबर प्लेट नहीं लगी थी जबकि पीछे रजिस्ट्रेशन संख्या वढ 20 इद 31 99 की प्लेट लगी हुई थी। पूछताछ में खुला चोरी का राज पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने एक और बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि उसने एक अन्य मोटरसाइकिल (संख्या वढ23 अख-8051) भी चोरी की थी। आरोपी ने इस बाइक को ग्राम खेडकी के जंगल में अंडरपास की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से करीब 200 मीटर अंदर झाड़ियों में छिपाकर रखा था।पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही पर मौके पर पहुंचकर उक्त मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया। यह बाइक नूरपुर क्षेत्र में आयोजित नुमाइश से चोरी की गई थी। इस संबंध में थाना नूरपुर पर मुकदमा 149/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण अंकित पुत्र ऋषिपाल, निवासी नन्हेडा, थाना नहटौर, जिला बिजनौर। बरामदगी विवरण मोटरसाइकिल संख्या वढ20इद3199 (थाना चांदपुर केस से संबंधित) मोटरसाइकिल संख्या वढ23अख8051 (थाना नूरपुर केस से संबंधित) पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका इस सफल कार्रवाई में उप निरीक्षक सागर चौधरी के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल नरेश पूनिया, विपिन खोखर, कांस्टेबल रणजीत मलिक सहित थाना चांदपुर पुलिस टीम के अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। अन्य वारदातों की भी हो रही जांच पुलिस अब आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उसने और कितनी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई को क्षेत्र में वाहन चोरी पर लगाम लगाने की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# स्टील प्लांट में मजदूर की दर्दनाक मौत से भड़का आक्रोश रोड जाम के बाद 15 लाख मुआवजे पर समझौता

## रूकनपुर निवासी सुधीश सैनी की ड्यूटी के दौरान मौत : प्रदर्शन के बाद प्रशासन-समाज के बीच बनी सहमति, देर रात गंगा घाट पर अंतिम संस्कार

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**





**चांदपुर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रूकनपुर निवासी सुधीश सैनी की इस्माइलपुर स्थित स्टील प्लांट में कार्य के दौरान हुई दुर्घटना में मौत के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। मिली जानकारी के अनुसार सुधीश सैनी प्लांट में काम कर रहे थे, तभी अचानक हुए हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ही उनकी हालत बिगड़ गई और उनकी मृत्यु हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र हो गए और फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। रोड जाम से बढ़ा दबाव, प्रशासन हरकत में आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर न्याय और मुआवजे की मांग की। स्थिति को संभालने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के जिम्मेदार लोगों को मौके पर पहुंचना पड़ा, जिसके बाद वार्ता का दौर शुरू हुआ। वार्ता के बाद मुआवजे पर बनी सहमति फैक्ट्री प्रबंधन, सामाजिक कार्यकर्ता विकास गुप्ता उर्फ रॉकी, कमलेश सैनी तथा प्रमोद सूर्य सैनी सहित अन्य गणमान्य लोगों के बीच लंबी बातचीत के बाद समझौता हुआ। सहमति के तहत फैक्ट्री मालिक की ओर से मृतक के परिजनों को ?14 लाख की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त अधिवक्ता एवं भाजपा वरिष्ठ नेता प्रमोद सूर्य सैनी ने मृतक के परिवार व बच्चों के लिए ?1 लाख की अलग से सहायता देने की घोषणा की। पोस्टमार्टम में देरी, देर रात अंतिम संस्कार घटना के बाद पोस्टमार्टम प्रक्रिया में देरी होने से परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके चलते देर रात गंगा घाट पर सुधीश सैनी का अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान प्रमोद सूर्य सैनी भी मौके पर उपस्थित रहे और परिजनों को सांत्वना दी। फैक्ट्री सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्लांट में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था होती, तो एक परिवार का सहारा यूं न छिनता।

सबसे बड़ा सवाल :

क्या मजदूरों की सुरक्षा के साथ लगातार हो रही लापरवाही पर रोक लगेगी क्या जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होगी या मामला समझौते तक ही सिमट जाएगा।

# शादी में विवाद बना खून-खराबे की वजह घर में घुसकर युवक की गोली मारकर हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार

## अवैध तमंचा, बाइक और मोबाइल समेत आरोपी दबोचे

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**



**चांदपुर।** थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने भयावह रूप ले लिया, जब शादी समारोह में हुई कहासुनी के बाद रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रावटी निवासी सुदेश कुमार पुत्र छोटन सिंह ने थाना हीमपुर दीपा में तहरीर देकर आरोप लगाया कि ग्राम टुंगरी निवासी अंकित पुत्र भूपेंद्र, अतुल पुत्र भूपेंद्र सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से उस पर और उसके पुत्र सौरभ पर फायरिंग कर दी। इस हमले में सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान हुई मौत, हत्या में बदला मामला घायल सौरभ को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा संख्या 31/2026 में धारा 103(1) बीएनएस (हत्या) सहित अन्य धाराओं की वृद्धि कर दी। विवेचना के दौरान सोकेन्द्र उर्फ शौकीन का नाम भी प्रकाश में आया। पुलिस की कार्रवाई, तीनों आरोपी दबोचे थाना हीमपुर दीपा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और तीनों आरोपियों–अंकित, अतुल और सोकेन्द्र उर्फ शौकीन–को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा 32 बोर, एक खोखा कारतूस, दो मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और 350 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। पूछताछ में खुला हत्या का राज पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दिनांक 20 अप्रैल 2026 को सिसौना मैरिज होम में आयोजित एक शादी समारोह में शराब पीने को लेकर सौरभ के साथ उनका विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट तक पहुंच गया। इसी रंजिश में आरोपियों ने बदला लेने की योजना बनाई। बताया गया कि मुख्य आरोपी अंकित अपने घर से तमंचा और कारतूस लेकर अपने साथियों के साथ देर रात सौरभ के घर पहुंचा। सौरभ को बाहर बुलाकर उसे गोली मार दी गई। जब उसके पिता ने विरोध किया तो उन पर भी फायरिंग की गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए और गिरफ्तारी से बचने के लिए इधर-उधर छिपते रहे। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिलें मौके पर ही छोड़ दी गई थीं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

अंकित पुत्र भूपेंद्र

अतुल पुत्र भूपेंद्र

सोकेन्द्र उर्फ शौकीन पुत्र छोटन (सभी निवासी ग्राम टुंगरी, थाना हीमपुर दीपा, जनपद बिजनौर)

बरामदगी विवरण

1 अवैध तमंचा 32 बोर व 1 खोखा कारतूस

2 मोटरसाइकिल (वढ20अइ4976, वढ20अढ1535)

2 मोबाइल फोन (वीवो व क्ळएछ कंपनी)

?350 नकद

पुलिस टीम की अहम भूमिका

इस सफल कार्रवाई का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने किया। टीम में उप निरीक्षक मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल सचिन पंवार, कांस्टेबल सचिन सार्थक, मोहित कुमार, शक्तिराम व अनुज कुमार शामिल रहे। क्षेत्र में दहशत, कानून व्यवस्था पर सवाल इस हत्याकांड के बाद पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। एक मामूली विवाद का इतना खतरनाक रूप लेना समाज में बढ़ती हिंसा की ओर इशारा करता है।

सबसे बड़ा सवालः

क्या छोटे-छोटे विवाद अब जानलेवा बनते जा रहे हैं

क्या ऐसी घटनाओं पर समय रहते रोक लग पाएगी।

# हीटवेव में राहत बनकर उतरे हैदर जैदी, राहगीरों को पिलाया ठंडा शर्बत

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**मौहम्मद फैजान**



**स्योहारा।** भीषण गर्मी और हीटवेव के चलते नई उमंग सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में टीम हैदर जैदी द्वारा निःशुल्क शर्बत वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर धामपुर-मुरादाबाद मार्ग स्थित ज़ियान जनसेवा केन्द्र, पित्थापुर-मंसूरसराय पर लगाया गया, जहां राहगीरों, मजदूरों और यात्रियों को ठंडा शर्बत पिलाकर राहत पहुंचाई गई। यह आयोजन विशेष रूप से स्वर्गीय श्रीमती तारा परवीन के ईसाल-ए-सवाब के लिए समर्पित रहा। तेज धूप और उमस भरी गर्मी में ठंडा शर्बत पाकर लोगों ने राहत महसूस की और टीम के इस नेक कार्य की सराहना की। शिविर के दौरान सामाजिक एकता, भाईचारे और सेवा भावना का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। टीम के सभी सदस्यों ने मिल-जुलकर पूरे समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। इस अवसर पर नजमुद्दीन, फैसल अनीस, अरसलान जैदी, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद आकिब, सामी मलिक, नूर आलम, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद अरमान, फजलुर्रहमान, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद हुजैफा और मोहम्मद शाहरुख सहित अन्य साथियों ने सक्रिय सहयोग दिया। टीम सदस्यों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और जनसेवा के कार्य लगातार किए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंदों तक मदद पहुंच सके और समाज में इंसानियत व सद्भावना की भावना मजबूत हो।

# Char Dham Yatra: History and Ancient Origins

